


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 07, अंक 114 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | रायपुर, शनिवार 21 जून 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना के लिए पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

**सिवान।** बिहार में 4 महीने बाद विधानसभा चुनाव है। उससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक बार फिर बिहार दौरे पर हैं। पीएम मोदी के आगमन पर सीवान में जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जाति जनगणना की घोषणा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार। उन्होंने इसके लिए राज्य की जनता से भी आभार व्यक्त करने को कहा। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं का शुरुआत की। सीएम नीतीश कुमार ने कहा, जाति जनगणना का आदेश देना एक बड़ी बात है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं।

सीएम नीतीश कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी कृपया उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करें। बता दें कि नीतीश कुमार के लिए जाति गणना काफी महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। इससे पहले उन्होंने राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों से इसके पक्ष में प्रस्ताव पारित करवाए थे। भाजपा-जदयू गठबंधन कुछ महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखना चाहता है।

शांति और विकास राह पर बढ़ रहा है बस्तर, शासन की योजनाओं से बदली गांवों की तस्वीर

# मार्च 2026 तक नक्सलवाद जड़ से होगा खत्म : मुख्यमंत्री साय

### पहली बार राजधानी पहुंचे बीजापुर के सुदूर गांवों के युवा, मुख्यमंत्री से आत्मीय मुलाकात कर रखी अपनी बात



**रायपुर ( समय दर्शन )।** इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरुआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। आप सभी ने पहली बार राजधानी रायपुर को देखा है, आप सभी का यहां स्वागत है और आपकी यह यात्रा सुखद और चिरस्मरणीय हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अपने निवास में प्रदेश के सुदूर और नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायतों के 96 युवक-युवतियों के दल से आत्मीय संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की नई राह खोल रही है। उन्होंने कहा कि आप छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं और आप सभी की भागीदारी से ही हम बस्तर क्षेत्र और प्रदेश को आगे लेकर जायेंगे। श्री साय ने कहा कि 'नियद नेल्ला नार' योजना से जुड़कर जहां गांवों की तस्वीर बदल रही है, वहीं युवाओं को भी आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि हमारी सरकार आपके क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने में जुटी हुई है और केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने ठान लिया है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि माओवादी आपके क्षेत्र में विकास नहीं चाहते, लेकिन विकास के रास्ते आने वाली सभी बाधाओं को हम दूर करेंगे। बस्तर का मनोबल हमें नक्सलवाद जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की ऊर्जा दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर आपके क्षेत्र में घने जंगल, मनमोहक झरने और ऊँचे पहाड़ हैं। वहां भूमि उपजाऊ है और अच्छी खेती होती है। हमारी सरकार खेती को समृद्ध बनाने के लिए पानी की सुविधा आप तक पहुंचाने का काम कर रही है। श्री साय ने कहा कि आप सभी खेती को बढ़ावा दें और जो विद्यार्थी हैं, वे मन लगाकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। प्रदेश के विकास में आपका सहयोग हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने 'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा यह बस्तर की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। इन आयोजनों में हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भागीदारी ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि बस्तर अब नए युग की ओर अग्रसर है। बस्तर की कला, संस्कृति और धरोहर को संजोने का कार्य हम सब मिलकर आगे भी करते रहेंगे। आज बस्तर वासियों ने यह दिखा दिया है कि वे हिंसा नहीं, शांति और विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की धरती वीरता, धैर्य और स्वाभिमान की प्रतीक रही है।

## अमित शाह को राहुल गांधी का जवाब, कहा-अंग्रेजी शर्म नहीं शक्ति है

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अंग्रेजी भाषा पर हमला किया था, जिसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनको निशाने पर लिया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एक्स पर अपना एक वीडियो साझा कर लिखा, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं - जंजीरें तोड़ने का औजार है।

उन्होंने लिखा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग नहीं चाहते हैं कि भारत के लोग अंग्रेजी सीखें।



राहुल वीडियो में कह रहे हैं, मोहन भागवत हर रोज कहते हैं कि अंग्रेजी नहीं बोलना चाहिए, हिंदी बोलना चाहिए, लेकिन आरएसएस, भाजपा और इनके मंत्रियों के बच्चों को देखो, ये सब इंग्लैंड में जाकर पढ़ रहे हैं। अंग्रेजी हथियार है। अगर आप अंग्रेजी सीख गए तो आप कहीं भी जा सकते हैं, अमेरिका, जापान तक जा सकते हैं। वो नहीं चाहते हैं कि आप करोड़ो रुपये की नौकरी करो।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि अंग्रेजी रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी।

### एसीबी कार्यालय में मनीष सिसोदिया से पूछताछ खत्म, बीजेपी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एसीबी कार्यालय पहुंचे. पूछताछ के बाद वह करीब दोपहर 2:30 बजे एसीबी कार्यालय से निकले. पूछताछ से पहले उन्होंने कहा, मैं आज एसीबी के सामने सारी बातें रखूंगा. मैं कहना चाहता हूं कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है. भाजपा केवल फर्जी एफआईआर दर्ज करती है और मामला चलता रहता है.

## पंजा और लालटेन के लिए सिर्फ परिवार का विकास जरूरी


### सिवान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले

**सिवान ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सिवान का दौरा कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के कारनामे विकास और निवेश विरोधी हैं, ये लोग माफियागिरी, गुंडई और बेहाली के समर्थक रहे हैं।



उन्होंने कहा कि बिहार के लोग स्वाभिमान से समझौता नहीं करते, लेकिन कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई है।

मोदी ने आगे कहा, हम सबका साथ, सबका विकास के भाव के साथ आगे बढ़ते हैं, लेकिन लालटेन और पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास। इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है। अपने-अपने परिवारों के हित के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से नहीं चूकते।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जनता पार्टी अहिवारा मण्डल भिलाई सकंल्प से सिद्धी कार्यक्रम



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।।** मण्डल स्तरीय कार्यशाला卐बानबरद रेस्ट हाऊस, अहिवारा में भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिला मिलाई के मार्गदर्शन में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम हेतु मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया !इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता,विजय बघेल जी ,सासद दुर्ग लोकसभा,डोमन लाल कोर्सेवाड़ा जी,विधायक अहिवारा,अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन जी,जिलाध्यक्ष भाजपा भिलाई,विशिष्ठ अतिथि के रूप में,रविशंकर सिंह प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,सरस्वती बंजारे,जिला पंचायत अध्यक्ष,लीमन साहू जी,अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा,नटवर ताम्रकार,पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष,प्रेमलाल साहू जी,जिला महामंत्री, भाजपा जिला भिलाई बिजेन्द्र सिंह जी,जिला महामंत्री विजय जायसवाल जी,जिला संयोजक संकल्प से सिद्धि,दिलीप पटेल जी,जिला सह संयोजक,संकल्प से सिद्धि तक, रामजी निर्मलकर,अध्यक्ष भाजपा अहिवारा मण्डल,अनुज साहू,संयोजक,पवन जैन सह संयोजक,जितेंद्र यादव,सह संयोजक भाजपा अहिवारा मण्डल एवं सांसद/विधायक, पूर्व सांसद/पूर्व विधायक, राष्ट्रीय/प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य राष्ट्रीय/प्रदेश मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, महापौर / सभापति, नेता प्रतिपक्ष/उप नेता प्रतिपक्ष / संचेतक, पूर्व महापौर / पूर्व सभापति, अध्यक्ष/पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य, जिला पदाधिकारी/कार्यकारिणी सदस्य, जनपद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य जिला मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी/कार्यकारिणी सदस्य, पार्षद /छाया पार्षद /पूर्व / पूर्व पार्षद, मण्डल पदाधिकारी/कार्यकारिणी, सरपंच/पूर्व सरपंच, मण्डल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी/कार्यकारिणी, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति रही।

### शास उच्च माध्य विद्या गोंडगिरी में शाला प्रवेशात्सव का आयोजन




**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शास उच्च माध्य विद्या गोंडगिरी विकास खंड बेरला जिला बेमेतरा (छ ग ) में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 19/06/2025 को ग्राम पंचायत गोंडगिरी के सरपंच श्रीमती मीनू सुमन पाटिल जी के अध्यक्षता तथा जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रेखा पोषण सिन्हा जी(जनपद पंचायत बेरला) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया गया.कार्यक्रम में सरपंच एवं जनपद सदस्य के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई,गणवेश तथा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कर सत्र 2024-25 के प्रतिभावान विद्यार्थियों प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. और श्रीमती रेखा पोषण सिन्हा जी ने इस शाला में आगामी बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान आने वाले विद्यार्थियों को 3000 रुपये का प्रोत्साहन राशि देने का आश्वाशन भी दिया। इसी बीच श्री पोषण सिन्हा जी ने इस शाला में आगामी बोर्ड परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान करने वाले विद्यार्थी के लिए 51000 रुपये का प्रोत्साहन राशि देने का आश्वाशन दिया। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य डॉ ए के भारद्वाज,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र परगनिहा, सांसद प्रतिनिधि श्री यशवंत वर्मा,श्री हरिशचंद देवांगन सरपंच (ग्रा पं तिलई )श्री उदे राम साहू उप सरपंच (ग्रा पं गोंडगिरी) श्री अलख राम पाटिल(पंच),श्री विनोद पाण्डेय,श्री नारायण प्रसाद परगनिहा,श्री पुरुषोत्तम साहू,श्रीमती मीना परगनिहा,श्रीमती लता दूबे, श्रीमती उत्तरा पाटिल,श्रीमती केंवरा चौहान, शाला के व्याख्याता गण श्रीमती रश्मि बाला कुजूर,शमा परवीन,सुश्री आशा ठावरे, श्रीमती वीणा वर्मा, राजश्री मरकाम, श्रीमती वीणा सहारे (प्रधान पाठक) शिक्षक गण श्री राकेश साहू, श्री राजेश मरकाम, श्रीमती विजयलक्ष्मी ऊके,श्रीमती दीपा महेश्वरी, श्री दिनेश देवांगन,श्री प्रकाश श्रीवास्तव सुश्री गंगोत्री सोनकंडे उपस्थित रहे।

### निधन : अनिता पांडेय



**दुर्ग ।** आदर्शनगर निवासी श्रीमती अनिता पांडेय 60 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. तुलमणि पांडेय की पत्नि एवं निकिता व हर्षिता पांडेय की माताजी थी।

# सरायपाली में राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित हुआ समाजिक न्याय संवाद

- विधायक के नेतृत्व में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन




**सरायपाली( समय दर्शन )।** लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 55वां जन्म दिवस गुरुवार को विधायक कार्यालय सरायपाली में कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया गया।

विधायक चातुरी नंद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और कांग्रेसजनो ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक और मिठाई खिलाकर अपने नेता राहुल गांधी के जन्मदिन की बधाई दी।

इस अवसर पर आयोजित समाजिक न्याय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे है। राहुल जी के दूरगामी सोच और लंबी लड़ाई के बाद मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया जिससे सामाजिक न्याय की लड़ाई और भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी देश की मजबूत आवाज है और हर तबके की लड़ाई उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लड़ रही है।

कार्यक्रम को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, केशव चौधरी, प्रदेश प्रतिनिधि सीता पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, शहर अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, विधायक प्रतिनिधि बिरांची बेताल, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि दीपक साहू, हस्द्ध विधानसभा अध्यक्ष भीष्मदेव पटेल, जनपद सदस्य पूजा तिवारी, कांग्रेस नेत्री दीपांजलि बारीक, हेमा श्रीवास, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, संजय चौधरी, पार्षद रमीज रजा, कमल अग्रवाल, कमल पटेल, राजेंद्र यादव, डिग्री लाल रात्रे, पिंगल गार्डिया, निर्मल बढ़ई, बाल्मीकि मेहर, अनिल पटेल, प्रखर शर्मा, आकाश भोई, प्रणय अग्रवाल, सौरभ सतपथी, सुनील पटेल, रोशन नाग, मयंक यादव, अनस खान, केशव अग्रवाल, निलेश तिवारी, जयंत यादव, दुष्यंत साहू, सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, भिलाई 3 में मनाया गया विश्व सिकल सेल दिवस



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** विश्व सिकल सेल दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में मनाया गया इस अव, अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस रोग को हंसिया रोग भी कहते हैं साधारण भाषा में लाल रक्त कणिकाएं अर्ध चंद्रा आकार की हो जाती है जबकि वास्तविक रूप में गोल होती है इसका आकार परिवर्तन होने से रोगियों को पीडा दायक दर्द,सांस लेने में तकलीफ़हाथ पैरों में सूजन ओर दर्द का दौरा भी पड़ सकता है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सिकलिग रोगियों की प्रारंभिक जांच कर रोकथाम बचाव ओर निदान करना है खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने अपने संदेश में बताया कि विश्व में सिकल सेल दिवस मनाने का प्रमुख कारण कि इस रोग के प्रति जागरूक करना ओर रोगियों के प्रति सहयोग ओर वैश्विक स्तर पर रिसर्च कर रोकथाम में मददगार बनना है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने अपने संदेश में जिला पर कहा कि वैश्विक स्तर पर समुदाय को प्रभावी आत्म वकालत करते हुए सशक्त बनाने के लिए नीति निर्धारण व इलाज के विकल्पो को मजबूत बनाना है कार्यक्रम की कंसल्टेंट प्रितीका पावर ने बताया कि शासन सिकलिग की निशुल्क जांच प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र करतीं हैं मेडिकल कॉलेज ओर जिला अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है इस के लक्षणो को प्रसारित करके ज्यादा से ज्यादा जांच कराने का प्रमुख कारण यह है कि हर साल गंभीर सिकलिग थैलीसीमिया रोगसे 3लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सरकार सिकलिग रोगियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र दे रही है ताकि सामाजिक मंच पर सभी लाभ के हकदार हो सके कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास श्रीमती पी स्वामी श्रीमती उषा वर्मा श्रीमती थानेशवरी हेमलता निमलकर भूपेंद्र सिंहा चम्पा कली सोनी सहित स्वास्थ्य अमला मितानिन प्रेरकों सतरूपा, कांति विभोर, सुनीता बिनिया,गीता,झामिन, उपस्थित रहे

## बीस दिनों से टूटी पड़ी बिजली केबल से ग्रामीण परेशान, समाधान के लिए कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा गया ज्ञापन

**मुंगेली ( समय दर्शन )** मुंगेली जिला अंतर्गत घुण्डुकापा ग्राम पंचायत घुण्डुकापा के ग्रामीण इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। गांव में बीते बीस दिनों से बिजली पोल से केबल टूट कर जमीन पर गिरी हुई है, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। इस समस्या के कारण जहां ग्रामीणों को गर्मी और अंधेरे में दिन-रात गुजारना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस समस्या की सूचना विद्युत विभाग को लिखित रूप में पहले ही दे दी थी, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बिजली केबल की मरम्मत नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कई



घरों में बिजली ना होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, और घरेलू कार्यों में भी भारी परेशानी हो रही है।

समस्या का समाधान न होते देख, ग्रामीणों ने अब मुंगेली जिला कलेक्टर जनदर्शन में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्द ही टूटे केबल को ठीक नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

ग्रामीणों की मांग है कि विद्युत विभाग गंभीरता से इस मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए शीघ्रता से केबल मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करे, जिससे जनजीवन सामान्य हो सके।

गांव के प्रमुख नागरिकों ने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद जब कोई समाधान नहीं निकलता, तो प्रशासन से न्याय की अपेक्षा ही आखिरी रास्ता बचता है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस ओर कब तक ध्यान देता है और कब तक ग्रामीणों को राहत मिलती है।

## बोर्ड ऑफविजिटर्स द्वारा जिला जेल मुंगेली किया गया निरीक्षण

**मुंगेली ( समय दर्शन )** माननीय उच्चत न्यायालय के रिट पीटिशन (सी) क्र. 1404/2023, सुकन्या संस्था विरूध्द यूनियन ऑफइंडिया व अन्य में पारित निर्णय 03.10.2024 के निर्णय की कंडिका 231(आईआईआई) के निर्देशानुसार नालसा से प्राप्त एसओपी के तहत् श्रीमति गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमति कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली, कुंदन कुमार जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी, भोजराम पटेल पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर श्रीमति मेनका प्रधान, ई.ई., पी.डब्लू.डी विभाग, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला औद्योगिक अधिकारी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जिला जेल मुंगेली का



निरीक्षण एवं जॉच किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरक के प्रत्येक बंदियो से मुलाकात कर जाति आधारित भेदभाव या इसी तरह की भेदभावपूर्ण प्रथाओं के संबंध में निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अस्पताल की व्यवस्था एवं अधोसंरचना का भी निरीक्षण एवं जॉच किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सुश्री ममता पटेल, टीकम चंद्राकर, चीफ एलएडीसी, स्वतंत्र तिवारी, असिस्टेंट एलएडीसीएस, पैनल अधिवक्ता किशन कश्यप, पी.एल.व्ही. राजाराम यादव एवं पी.एल.व्ही. सुमीत साहू उपस्थित रहें।

## सीसीडीए ने स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से की मुलाकात, ड्रग विभाग के छापेमारी पर जताई आपत्ति

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्युटर एसोसिएशन (सीसीडीए) के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात की और प्रदेशभर में ड्रग विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के रूप में चलाए जा रहे छापामार अभियानों के विरुद्ध आपत्ति जताई गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में दवा दुकानों पर औषधि निरीक्षकों के साथ-साथ पुलिस टीम द्वारा अचानक छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है, जिससे चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों में गंभीर असंतोष और असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। दवा दुकानें एक संवेदनशील और आवश्यक सेवा प्रदायक क्षेत्र हैं, जहाँ इस प्रकार की कार्रवाइयाँ केवल असुविधा ही नहीं, बल्कि एक अविश्वास का माहौल भी पैदा करती हैं। सीसीडीए का यह प्रतिनिधिमंडल संगठन के सचिव अविनाश अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री से मिला। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को



गंभीरता से लिया है और इस मामले में संबंधित अधिकारियों को ऐसी सम्मिलित कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से रोकने के दिशा में निर्देश देने का आश्वासन दिया है। सीसीडीए के सचिव अविनाश अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि हम ड्रग विभाग की नियमानुसार जांच प्रक्रिया का सम्मान करते हैं और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन जब पुलिस टीम हमारी दवा दुकानों में खड़ा होकर भय और दबाव का वातावरण बनाता है, तो यह न केवल हमारे व्यवसायिक स्वाभिमान के खिलाफ है, बल्कि ग्राहकों और कर्मचारियों पर भी मानसिक प्रभाव डालता है। यह किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। यदि यह स्थिति यूं ही बनी रहती है, तो हम विवश होकर विरोध और असहयोग की राह पर चलने को बाध्य होंगे। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि हम छत्तीसगढ़ के हर नागरिक तक जीवनरक्षक दवाएँ समय पर पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन यदि शासन हमारी गरिमा और आत्मसम्मान की रक्षा नहीं करता, तो हमें विवश होकर दवा दुकानें बंद करने जैसे कठोर कदम उठाने पड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में आम जनता को होने वाली असुविधा की पूरी ज़िम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्युटर एसोसिएशन (सीसीडीए) के प्रतिनिधिमंडल में सचिव अविनाश अग्रवाल, देवव्रत गौतम, सुधीर अग्रवाल, तोशन चंद्राकर,अशोक मालू, पीडी रमानी, भारत रमानी के अलावा अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे।

# महासमुंद जिले में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन

### जनजातीय समाज को मिल रही शासन की योजनाओं की सौगात, शिविरों में दिखा उत्साह

**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुंद मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तथा प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित धरती आबा जनभागीदारी ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले के पाँचों विकासखण्ड महासमुंद, बसना, पिथौरा और बागबाहरा के चयनित ग्रामों में आज लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनजातीय समाज के सैकड़ों हितग्राहियों को प्रदान करते हुए उन्हें आवश्यक सेवाएं सुलभ कराई गई।

आज आयोजित शिविरों में हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करते हुए नए राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, आधार कार्ड, जाति के लिए पंजीयन, प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की प्रक्रिया, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की सुविधा, अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन तथा घर-घर नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं



उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल में सिकलसेल रोग, एनीमिया की जांच, टीकाकरण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं।

महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पथर्री शिविर में 168 हितग्राहियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीयन किया गया। इनमें आधार कार्ड के लिए 28, राशन कार्ड के लिए 23, आयुष्मान कार्ड के लिए 32, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए 30-30 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया। साथ ही विभिन्न पेंशन के तहत 07 हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई, 7 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत गोड़बहाल शिविर में 144 हितग्राहियों इनमें 10 लोगों का आधार कार्ड, 09 का राशन कार्ड, 07 का आयुष्मान कार्ड, 39 लोगों का जाति प्रमाण, 42 निवास प्रमाण पत्र, 2 कृषकों का किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि में एक व जॉब कार्ड के लिए 3 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। 2 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। इसी प्रकार बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतेरापाली से शिविर में 164 हितग्राहियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीयन किया गया। इनमें आधार कार्ड के लिए 20, राशन कार्ड के लिए 35, आयुष्मान कार्ड के लिए 07, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 6-6, किसान सम्मान निधि में 31 कृषक, जॉब कार्ड के लिए 04 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। वहीं 03 हितग्राहियों का वृद्धावस्था पेंशन के लिए स्वीकृति दी गई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा 18 लाभार्थियों का हीमोग्लोबिन जांच व 02 युवाओं का मतदाता परिचय पत्र के लिए पंजीयन किया गया एवं बसना विकासखण्ड अंतर्गत बुंदेलभाठा शिविर में 61 हितग्राहियों इनमें 18 लोगों का आधार कार्ड, 02 लोगों का राशन कार्ड, 15 का आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र एवं 13 श्रमिकों का जॉब कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया।

शिविरों में उपस्थित हितग्राहियों में शासन की योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ को लेकर विशेष प्रसन्नता और जागरूकता देखने को मिली। वहीं, धरती आबा प्रचार रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और उन्हें लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान जनजातीय समाज के समग्र विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है, जिससे पात्र हितग्राहियों को न केवल योजनाओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि त्वरित लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। यह अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए शासन की सेवा को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम सिद्ध हो रहा है।

विश्व सिकल सेल रोग दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है

# विश्व सिकल सेल रोग दिवस : फोर्टिस गुरुग्राम के डॉक्टरों ने रायपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**रायपुर ( समय दर्शन )।** सिकल सेल रोग (एससीडी) भारत में आम जन को प्रभावित करने वाली एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती है, जो खासतौर से जनजातीय (ट्राइबल) आबादी को प्रभावित करती है। दुनियाभर में, एससीडी विकार के साथ जन्म लेने वाले बच्चों की सर्वाधिक संख्या भारत मेंदर्ज की जाती है और हर साल यहां लगभग 15,000 से 25,000 बच्चे इस विकार के साथ पैदा होते हैं। उल्लेखनीय है किसिकल सेल रोग जनजातीय आबादी को काफी प्रभावित करता है और इसकी वजह से आबादी के इस समूह में रोगों और मृत्यु के मामले भी अधिक होते हैं। इस रोग के कारण एनीमिया, शारीरिक पीड़ा, अंगों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ जीवन प्रत्याशा में भी कमी आती है।

सिकल सेल रोग (एससीडी) की गंभीर चुनौती से निपटने के उद्देश्य से, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।




कार्यक्रम के दौरान, सिकल सेल रोग को वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती के तौर पर स्वीकार करने और इसके उन्मूलन के लिए रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया। डॉ विकास दुआ, प्रिंसीपल डायरेक्टरएवं हेड ङ्क पिडियाट्रिक हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ओंकोलॉजी, एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी), फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के नेतृत्व में, सिकल सेल रोग के प्रभावों, खासतौर से भारत की ट्राइबल आबादी और अन्य हाइ-रिस्क आबादी समूहों पर इसके असर को रेखांकित किया गया।

मीडिया के साथ बातचीत में, डॉ दुआ ने सिकल सेल रोग के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उपचार के उन्नत विकल्पों तथा पात्र मरीजों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट की उपचारी क्षमता के बारे में भी बताया। उन्होंने एम्स रायपुर में आयोजित स्पेशल एचएलए टाइपिंग कैंप में भी भाग लियाजिसका आयोजन जेनेटिक स्क्रीनिंग और डोनर मैचिंग, जो कि सिकल सेल से पीड़ित रोगियों की स्थिति में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है, को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

इस मौके पर, संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ विकास दुआ, प्रिंसीपल डायरेक्टरएवं हेड ङ्क पिडियाट्रिक हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ओंकोलॉजी, एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी), फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट,गुरुग्राम ने कहा, भारत में सिकल सेल रोगियों की दूसरी सर्वाधिक आबादी निवास करती है। देश में सिकल सेल एनीमिया से लड़ाई के खिलाफसबसे बड़ी बाधा आम आबादी के बीच जागरूकता का अभाव है। सिकल सेल रोग के शुरुआती लक्षणों की पहचान करना समय पर हस्तक्षेप और प्रबंधन के लिए जरूरी हैं, लेकिन आमतौर पर जानकारी न होने की वजह से ऐसा नहीं हो पाता। शुरुआती लक्षण, अक्सर 5-6 माह की उम्र में दिखायी देते हैं, जिनमें हाथ-पैरों में दर्द के साथ सूजन, थकान और पीलिया (जॉन्डिस) प्रमुख हैं। लेकिन कई लोगों को काफी उम्र बीत जाने तक भी अपनी कंडीशन समझ में नहीं आती, और यही वजह है कि इस बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्क्रीनिंग कार्यक्रमों का आयोजन करना काफी महत्वपूर्ण कदम है। यदि मौजूदा पीढ़ी में इस रोग से बचाव हो सके, तो इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचने से रोका जा सकता है। इसके लिए मुख्य रणनीति है बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग प्रोग्राम चलाना, जिनमें नवजातों की सक्रीनिंग और प्रसवपूर्व स्क्रीनिंग से लेकर सिकल सेल रोग (एससीडी) और सिकल सेल ट्रेट (एससीटी) से ग्रस्त लोगों की शुरूआत में ही पहचान करना शामिल है।

# छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुआ मानसून, 28 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी



**रायपुर।** मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो चुका है। मानसून के सक्रिय होते ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की गतिविधियां तेज हो गई है। अब झमाझम बारिश होने वाली है। प्रदेश के 28 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के शेष भागों में आगे बढ़ चुका है। यानी कि पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। गंगीय पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के इलाकों में एक निम्न दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है, जो कि ऊपरी हवा का चक्रवर्ती परिसंचरण बना हुआ है। यह 24 घंटे के दौरान झारखंड में धीरे-धीरे उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

**अगले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग भारी बारिश!**

इसके प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज हो गई हैं। अनेक जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। साथ ही मेघ गर्जनों के साथ वज्रपात की भी संभावना है। दूसरी ओर अगले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के जिलों में एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

**इन जिलों में येलो अलर्ट जारी**

बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में बिजली गिरने और आंधी-बारिश की स्थिति बन सकती है।

**राजधानी में पड़ेंगी बौछारें**

राजधानी रायपुर में आज गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। दोपहर या शाम के समय गृह चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

**बीते दिनों ऐसा रहा मौसम**

पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर मध्यम बारिश दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 35.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान भी दुर्ग में ही 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब और चक्रिय चक्रवात के कारण राजधानी बादल छाए रहे

**मौसम विभाग के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में होगी पर्याप्त वर्षा**

**हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान**

**रायपुर ( समय दर्शन )।** बंगाल की खाड़ी में चक्रिय चक्रवात और कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ में पर्याप्त वर्षा होगी। जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में कम वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। राजधानी में आज बादल छाए रहे, जिसके कारण हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं कल से मानसून सक्रिय हो जाएगा।

डॉ. चन्द्रा मौसम वैज्ञानिक के अनुसार पश्चिम विक्षोप के कारण मानसून सक्रिय नहीं हो पा रहा था, वहीं दंतेवाड़ा के पास रूक गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की खाड़ी चक्रिय चक्रवात के परिसंचरण एवं कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अब मानसून आगे बढ़ने लगा है। इससे उत्तरी छत्तीसगढ़, बलरामपुर, सूरजपुर, रामानुजगंज में पर्याप्त वर्षा होगी। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ वर्षा कम होगी। डॉ. चन्द्रा के अनुसार रायपुर में कल से मानसून का विस्तार संभावित है।

डॉ. चन्द्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तर अरब सागर के कुछ और भाग, गुजरात के कुछ और भाग, विदर्भ के बचे भाग, मध्य प्रदेश के कुछ और भाग, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्से, उड़ीसा के बचे हुए भाग, झारखंड के कुछ और भाग, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के संपूर्ण हिस्से, उप हिमालयीन हिमालय पश्चिम बंगाल के बचे हुए हिस्से, तथा बिहार के कुछ और भाग में पहुंच गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा दिशा, इंदौर, पचमढ़ी, मालदा, अंबिकापुर, हजारीबाग, सुपौल है।

दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिणी पश्चिमी बांग्लादेश और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर पर, 72 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरत चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

# कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक: शहीद पुलिस सेवकों के परिवार को पुलिस के अलावा अन्य विभागों में भी मिल सकेगी अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर ( समय दर्शन )।** कैबिनेट द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को ध्यान में रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पुनरीक्षित निर्देश-2013 में संशोधन करते हुए निर्णय लिया है। नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा, किसी अन्य विभाग में, राज्य के किसी भी जिला, संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकेगी। पहले अनुकम्पा नियुक्ति यथासंभव उसी विभाग या कार्यालय में देने की व्यवस्था थी, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक निधन के पूर्व कार्यरत था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णस कर जानकारी दी। कैबिनेट ने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सूची में तकनीकी कारणों से शामिल होने से वंचित जातियों को प्राप्त होने वाली कतिपय सुविधाएं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव तथा पबिया, पविया, पवीया समाज के विद्यार्थियों को अनुसूचित जनजाति के समतुल्य एवं डोमरा जाति के विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति के समतुल्य राज्य मद से मात्र राज्य छात्रवृत्ति तथा शिष्यवृत्ति प्रदान किये जाने एवं छात्रावास-आश्रमों में स्वीकृत सीट के अधीन प्रवेश दिए जाने की सुविधा प्रदान करने की सहमति दी है।

**सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना पर मिलेगी वित्तीय सहायता**- कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घर की छतों में सोलर रूफ्टॉप संयंत्र की स्थापना में राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफ्टॉप संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ राज्य की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, जो सोलर प्लांट की क्षमता के आधार पर अलग-अलग होगी। हाउसिंग सोसाइटी/रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के लिए भी इसी तरह की सहायता प्रस्तावित की गई है। यह अनुदान राशि सीएसपीडीसीएल को अग्रिम रूप से मिलेगी और वही इसे लाभार्थियों को देगी। वर्ष 2025-26 में 60,000 और 2026-27 में 70,000 सोलर पावर प्लांट की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 180 करोड़ एवं 2026-27 में 210 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। राज्य वित्तीय सहायता उन घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से दी जाएगी जिनके सोलर प्लांट का ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद हुआ है। कैबिनेट ने राज्य में वन्यजीव, खासकर बाघों के संरक्षण और ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए ''छत्तीसगढ़ टाइगर फाउंडेशन सोसायटी'' का गठन करने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की

# छत्तीसगढ़ का मत्स्य बीज हब बना कांकेर, हैचरी क्रांति ने राज्य को बनाया आत्मनिर्भर, देशभर में मांग

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। कांकेर न केवल मत्स्य बीज उत्पादन में, बल्कि देश के कई राज्यों में मत्स्य बीज की आपूर्ति के मामले में राज्य के अग्रणी जिले के रूप में अपनी पहचान कायम की है। मत्स्य बीज उत्पादन और निर्यात से जिले की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिला है। कुछ वर्ष पूर्व तक कांकेर जिले को मत्स्य बीज के लिए पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज कोयलीबेडा विकासखंड के पखांजूर क्षेत्र में बडी संख्या में मत्स्यबीज के पिकअप वाहन, मत्स्य कृषक और क्रियाशील हैचरियां जगह-जगह दिखाई देती हैं। यह बदलाव नील क्रांति योजना और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की मदद से संभव हुआ, जिसके तहत मत्स्य बीज हैचरियों और तालाबों का निर्माण कराया गया। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से पखांजूर में मत्स्य बीज का



सरप्लस उत्पादन होने लगा है। अब स्थिति यह है कि कांकेर में उत्पादित उच्च गुणवत्ता और किफायती मूल्य पर उपलब्ध मत्स्य बीज का न केवल छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों को, बल्कि अन्य राज्यों जैसे आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, गुजरात और बिहार में भी निर्यात किया जा रहा है। पखांजूर का बीज इसलिए भी खास है क्योंकि यह उच्च गुणवत्ता युक्त, अन्य राज्यों से सस्ता, और अप्रैल-मई जैसे प्रारंभिक महीनों में ही उपलब्ध हो जाता है, जिससे किसानों को समय रहते मत्स्य पालन में मदद मिलती है। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक के अनुसार, कांकेर जिले में कुल 34 मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी संचालित हैं। वर्ष 2025-26 में 337 करोड़ स्पॉन और 128 करोड़ 35 लाख स्टैंडर्ड फ्राय उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक जिले में 192 करोड़ स्पॉन और 7 करोड़ 42 लाख स्टैंडर्ड फ्राय का उत्पादन हो चुका है। यहां की हैचरियों में मेजर कार्प के साथ-साथ पंगेसियस मछली का भी बीज तैयार किया जा रहा है। मत्स्य कृषक विश्वजीत अधिकारी और मृणाल बराई बताते हैं कि क्षेत्र से प्रतिदिन 10-15 पिकअप वाहन मत्स्य बीज लेकर अन्य जिलों एवं प्रदेशों में जाते हैं। पखांजूर क्षेत्र की मत्स्य बीज उत्पादन की इस सफलता ने करीब 550 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया है। मत्स्य बीज उत्पादन, परिवहन, विक्रय और संबंधित गतिविधियों से जुड़े ग्रामीण अब स्थायी आय प्राप्त कर रहे हैं। कांकेर जिला आज छत्तीसगढ़ की मत्स्य संपन्नता का प्रतीक बन गया है। यहां की हैचरी क्रांति ने राज्य को बाहरी निर्भरता से मुक्त किया और गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज के लिए देशभर की पहली पसंद बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को किया आग के हवाले

**रायपुर ( समय दर्शन )।** एकता गली आमापारा के पास खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने अइाग के हवाले कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्यामा देवी यादव 45 वर्ष एकता गली आमापारा निगम कालोनी आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के लड़के के बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5915 को आग के हवाले कर दिया। जिससे 45 हजार रुपए का नुकसान हुआ। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर ( समय दर्शन )।** चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जानकी सोनी 50 वर्ष चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजे से प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार, सोने-चांदी के जेवर व 2 नग मोबाइल पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर ( समय दर्शन )।** सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष साहू 20 वर्ष साहूपारा गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 1494 को सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मवेशियों को कत्लखाना ले जाते चालक गिरफ्तार

**रायपुर ( समय दर्शन )।** खरोरा पुलिस ने कत्ल खाना ले जाते युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 नग मवेशियों को जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सारागांव खरोरा के पास दबिश देकर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें से 15 मवेशियों को जब्त किया है। पूछताछ में चालक ने कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर ( समय दर्शन )।** आरंग पुलिस ने पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती व नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अर्जुन साहू 24 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### राज्य को इसी माह में मिलेंगे मुख्य सचिव एवं डीजीपी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन इस माह के अंत में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इसलिए नए मुख्य सचिव की तलाश तेज हो गई है। इधर डीओपीटी ने डीजीपी के पैनल को मंजूरी दे दी है। अरूण देव गौतम का नया डीजीपी बनना तय माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्थायी मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति को लेकर कवायद चल रही है। बताया जाता है कि वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो गया है। वे इस माह के अंत में अवकाश ग्रहण कर लेंगे। वर्तमान में एसीएस सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा, रेणु पिल्ले, मनोज पिंगुआ इस दौड़ में शामिल है। अन्य सूत्रों के अनुसार अमिताभ जैन का कार्यकाल साफ-सुथरा होने के कारण उनके कार्यकाल को बढ़ाया जाना निश्चित माना जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री अंतिम फैसल लेंगे।

**अरूण देव गौतम का नया डीजीपी बनना तय** - भारत शासन के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक के मापदण्ड में अरूण देव गौतम खरे उत्तर रहे हैं। नए डीजीपी का कार्यकाल दो वर्ष होगा। लेकिन वे 18 माह बाद वे अवकाश ग्रहण कर लेंगे। इसके कारण उन्हें दो माह का कार्यकाल बढ़ाना होगा। वहीं हिमांशु गुप्ता पहले अवकाश ग्रहण कर लेंगे। शासन द्वारा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। राज्य में मुख्य सचिव के लिए राजनीतिक स्तर पर कवायद चालू हो गई है। वर्तमान में मनोज पिंगुआ झारखण्ड के सिमडेगा जिले के रहने वाले हैं। वे केन्द्र शासन में प्रतिनियुक्ति में काम कर चुके है।

### आमासिवनी बस्ती में अब जलभराव की समस्या नहीं आएगी

**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के क्षेत्र के अंतर्गत आमासिवनी बस्ती क्षेत्र का पानी स्वर्णभूमि के कॉलोनाइजर द्वारा बाउंड्रीवाल बनाने से बस्ती के बाहर एकत्रित हो रहा था, इससे आमासिवनी बस्ती क्षेत्र में जलभराव की समस्या आ जाती. इसे देखकर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय ने स्वर्ण भूमि के सम्बंधित कॉलोनाइजर से बात कर उनसे स्वर्ण भूमि की जमीन से भरा हुआ एकत्रित हुआ पानी निकास करने रास्ता नगर निगम जोन 9 टीम से निकलवाया।

## संपादकीय

# हत्या सिर्फ हत्या है

हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम को पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया। राजा व सोनम 23 मई से लापता थे। दो जून को राजा का शव खाई में मिला था, जबकि सोनम का लापता थी। पुलिस के अनुसार उसने भाड़े के हत्यारों के साथ मिलकर साजिश रची थी। 11 मई को दोनों की परिवार की मर्जी से शादी की हुई थी। 21 मई को दंपति शिलांग पहुंचा। राज कुशवाहा सोनम के पिता की दुकान में काम करता था। जिसके साथ सोनम के रिश्ते थे। इन दोनों ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बीस लाख रुपये में राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची और पेड़ काटने वाली छोटी कुल्हाड़ी दाव ऑनलाइन मंगाई। राजा की मां का कहना है, सोनम के विवाह में रुचि न लेने व फोन न सुनने से राजा उखड़ा-उखड़ा रहता था। मगर सोनम की मां का इस पर कहना था, उनका परिवार काफी सख्त है इसलिए उनकी बेटी अपने होने वाले पति के साथ मुलाकातें नहीं कर सकती। हनीमून की बुकिंग भी सोनम ने ही करवाई थी। शादी के बाद उसका बर्ताव ससुरालियों से अच्छा ही था, वह सबसे मिल-जुल कर रही और हनीमून के दरम्यान सबसे फोन पर बातें भी करती रही। सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बता रहे हैं और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। परिवारों की मर्जी से शादी करने वाली नवविवाहिताओं में इस तरह का आवेश देखकर कहा जा सकता है कि परिजनों को अरेंज मैरिज को लेकर अपने विचार बदलने होंगे। जात-बिरादरी के बंधनों व आर्थिक स्तर को लेकर वैवाहिक संबंधों को बनाने की रवायतों में ढील लानी होगी। परिपक्व उम्र की लड़कियां घर के बड़ों के समक्ष जो आक्रोश व्यक्त नहीं कर पातीं, वह विवाह के उपरांत जानलेवा साबित होता नजर आ रहा है। समाज के बदलते परिवेश में बंदिशों की जगह नहीं रही है। यह गंभीर सामाजिक व पारिवारिक मसला बनता जा रहा है। इस पर गहन चिंतन की जरूरत है। विवाह पूर्व मैरिज काउंसलर व परिवार विशेषज्ञों की राय भी जरूरी है। अभी समाज दहेज हत्याओं से उबर नहीं पाया है कि यह नये तरह का संक्रमण दंपतियों को चपेट में ले रहा है। इस तरह की हत्या सोची-समझी साजिश का परिणाम होता है। मर्जी के बगैर विवाह या विवाह विच्छेदन को लेकर दायरे बदलने होंगे। सुपारी देकर मौत के घाट उतारने वाली स्त्री को माफ नहीं किया जाना चाहिए। हत्या सिर्फ हत्या है। उसमें लैंगिक पक्षपात की कोई जगह नहीं है।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराना, क्रिकेट के लिए शुभ संकेत

**अजय दीक्षित**

शनिवार को टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में लॉर्ड के ऐतिहासिक मैदान पर चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता है और यह 27 वर्ष के इंतजार के बाद साउथ अफ्रीका जीता है।एक तरह से देखा जाय तो यह क्रिकेट खेल की जीत है। साउथ अफ्रीका टीम कई बार एक दिवसीय विश्व कप में कभी फाइनल में तो कभी सेमीफाइनल में हार कर बाहर हो गई।ऐसा 1999,2003,2007, में हुआ।उस टीम में एलन डॉनल्ड, हडसन,गिब्स, जोंटी रोड्स, शॉन पोलॉक, गैरी क्रिस्टन, ग्रीन स्मिथ, और महान ऑलराउंडर जैक कैलिस, ए बी डिविलियर्स थे लेकिन भाग्य साथ नहीं देता था।अबकी बार टेस्ट मैच चैंपियन शिप में डुब्मा की टीम ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता है।

साउथ अफ्रीका की क्रिकेट 19वीं सदी से क्रिकेट खेल रही है और विश्व में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के समकक्ष माना जाता है।

20 वी सदी में साउथ अफ्रीका में जोहानिसबर्ग, डरबन, न्यूलैंड, सरीखे मैदान बने ।ये क्रिकेट ग्राउंड, लॉर्ड, लीड्स, बर्मिंघम, जॉर्जटाउन, पोर्ट ऑफ स्पेन, मेलबर्न,सिडनी, ऑकलैंड, वेलिंगटन, ब्रिस्बेन, पर्थ, कोलकाता,मुंबई का बनखेड़े, चिन्नास्वामी,आदि जैसे ही है।जिन देशों में इंग्लैंड ने उपनिवेश बनाया वही वही क्रिकेट खेल का विकाश हुआ ।जैसे भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे,आदि ।भारत में क्रिकेट कुछ इस प्रकार रमा कि पूरी पीढ़ी,युवा, बुजुर्ग क्रिकेट के दीवाने हो गए।भारत में दिल्ली का फिरोजाबाद कोटला मैदान, कानपुर का ग्रीन पार्क, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, हैदराबाद का राजीव गांधी, रांची, गोहाटी, धर्मशाला, सूरत, राजकोट, तिरुअनंतपुरम, विशाखापत्तनम,कटक, भुवनेश्वर,में सहित कुल 22 टेस्ट और एकदिवसीय मैचों के मैदान हैं।

साउथ अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण क्रिकेट से 1961 में अलग किया गया था और 1991में जोड़ा गया। साउथ अफ्रीकी टीम में कैपलर वेसल्स,ग्रीम पोलॉक, माइक प्राक्टर नामक खिलाड़ी इस दौरान टेस्ट ही नहीं खेल पाए क्योंकि टीम प्रतिबंधित थी।

टेस्ट चैंपियनशिप का फॉर्मेट ऐसा है कि उसका साइकिल दो साल में पूरा होता है यह तीसरा डब्ल्यूटीसी था।पहला डब्ल्यूटीसी ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर जीता था और दूसरा न्यूजीलैंड ने भी भारत को हराकर जीता था।

भारत का क्रिकेट में उदय 1983 में विश्व कप जीतने के बाद हुआ हालांकि भारत टेस्ट मैच खेल रहा है 1944 से । लेकिन अब इंडिया क्रिकेट का सुपर पावर है। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, आदि भारत के साथ खेलना इस लिए सबसे अच्छा मानते क्योंकि उस देश को टीवी प्रसारण से सबसे अधिक पैसा मिलता है क्योंकि तब टीआरपी बहुत अधिक होती है। आईसीसी को सबसे अधिक धन भारत ही उपलब्ध करता है।

डब्ल्यूटीसी में जीत हासिल करने के बाद साउथ अफ्रीकी टीम का मनोबल ऊंचा होगा और उनसे चोकर्स का टैग कुछ हद तक हट जाएगा। बुमा की टीम की जीत में मकरान और कासिगो रवांडा ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मार्करन को मन ऑफ द मैच घोषित किया गया। ऑस्ट्रेलिया इस जीत प्रबल दावेदार था लेकिन दूसरी पारी में अधिक स्कोर नहीं बना सका ।इस जीत से वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे, श्रीलंका, पाकिस्तान क्रिकेट को भी बल मिलेगा क्योंकि इन देशों क्रिकेट मरी हुई है।

# महिलाओं को एकता के सूत्र में पिरोता है योग

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

नारी राष्ट्र का अभिमान है। नारी राष्ट्र के विकास की नींव है। नारी सृष्टि की सुंदरता का अनमोल उपहार है। संस्कृत में एक श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:। अर्थात, नारी की पूजा जहां होती है, वहां देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के आदर को महत्व दिया गया है। लगभग सभी धर्मों में नारी सशक्तिकरण का उदाहरण देखने को मिलता है। वैदिक साहित्य में नारी को अत्यंत गरिमामयी स्थान प्रदान किया गया है। धर्म ग्रन्थ वेद महिलाओं को परिवार की सम्राज्ञी कहते हैं। महिलाएं देश की शासिका बनने का अधिकार रखती हैं। वेदों में स्त्री यज्ञीय है अर्थात् यज्ञ समान पूजनीय है। वेदों में नारी को ज्ञान देने वाली, सुखङ्कसमृद्धि लाने वाली, विशेष तेज वाली, देवी, विदुषी, सरस्वती, इन्द्राणी, उषा (जो सबको जगाती है) इत्यादि अनेक आदर सूचक नाम दिए गए । वेदों में स्त्रियों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है। उसे सदा विजयिनी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम/प्रसंग है ङ्क महिला सशक्तिकरण के लिए योग। इस वर्ष योग दिवस, महिलाओं के समग्र कल्याण व समग्र विकास की भावना के साथ मनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए योग एक अद्भुत माध्यम है। योगासन करने से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और सहनशक्ति बढ़ती है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम होती हैं। योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे महिलाओं का मन शांत और एकाग्र होता है। योगाभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है। योगाभ्यास से महिलाएं अपनी क्षमताओं



पर विश्वास करने लगती हैं। योगाभ्यास से आत्म-सम्मान बढ़ता है और महिलाएं खुद को स्वीकार करने लगती हैं। योग सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सकारात्मक रूप से कर पाती हैं। योगाभ्यास से आत्मरक्षा की क्षमता विकसित होती है, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित रख पाती हैं। योग नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करता है। महिलाओं में शक्ति का संचार करने के लिए निम्नलिखित योगासन इस प्रकार हैं- 1. सूर्य नमस्कार- यह आसन पूरे शरीर को सक्रिय करता है और ऊर्जा प्रदान करता है। 2. वृक्षासन- यह आसन एकाग्रता और संतुलन बढ़ाने में मदद करता है। 3. भुजंगासन- यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और छाती को खोलता है। 4. वीरासन- यह आसन पैरों और घुटनों को मजबूत करता है। 5. अधोमुख श्वानासन- यह आसन पूरे शरीर को खींचता है और तनाव कम करता है। 6. शवासन- यह आसन शरीर और मन को शांत करता है।

सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन महिलाओं के लिए योग शिविर और कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इन शिविरों में महिलाओं को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योग दर्शन सिखाया जाता है। यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। यदि आप एक सशक्त महिला बनना चाहती हैं, तो योग को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं। आज के समय में, योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बनकर उभरा है। योग महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। योग, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, जिससे महिलाएं बीमारियों से लड़ने में सक्षम होती हैं। योगासन से शारीरिक संतुलन बेहतर होता है। योग करने से शरीर का वजन नियंत्रित रहता है, जिससे मोटापे और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। योग आत्म-नियंत्रण की क्षमता को विकसित करता है, जिससे महिलाएं अपने आवेगों पर नियंत्रण रख पाती हैं। योग आंतरिक शांति प्रदान करता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना शांतचित्त होकर कर पाती हैं। योग महिलाओं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाता है। योग महिलाओं को एक साथ लाता है। योग सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है। योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक बहुआयामी उपकरण है। अतएव यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाता है। भारतीय महिलाएं, खासकर शहरी क्षेत्रों में, स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर अधिक जागरूक हो रही हैं।

योग विभिन्न प्रकार के आसनों और प्राणायाम के माध्यम से महिलाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से महिलाएं अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती हैं। यह अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी समस्याओं से निपटने में प्रभावी है। योगाभ्यास के दौरान आत्म-स्वीकृति और आत्म-सम्मान की भावना प्रबल होती है, जो महिलाओं को सामाजिक और व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत बनाती है। भारतीय समाज में योग का एक गहरा सांस्कृतिक महत्व है। यह एक ऐसी परंपरा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है और महिलाओं में इसे लेकर एक विशेष स्थान है। आजकल, योग शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। कई महिलाएं योग शिक्षिका बनकर न केवल अपने जीवन को सुधार रही हैं, बल्कि समाज में भी योगदान दे रही हैं। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है। यह एक जीवनशैली है जो समग्र विकास को प्रोत्साहित करती है। भारतीय महिलाएं योग के माध्यम से एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में अग्रसर हो रही हैं। यह उन्हें स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम, और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। योग का अभ्यास आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति की ओर ले जाता है, जिससे व्यक्ति जीवन में अधिक संतुलित और संतुष्ट महसूस करता है। योग, आयुर्वेद का हिस्सा है। आयुर्वेद विज्ञान एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है जो प्राकृतिक उपचार पद्धतियों और जीवन शैली पर आधारित है। यह शरीर, मन, और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर देती है। आयुर्वेद में तीन मुख्य दोष (वात, पित्त, कफ) होते हैं, जो शरीर की जैविक ऊर्जाएं हैं। स्वस्थ जीवन के लिए इन दोषों का संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा में हर्बल औषधियाँ, पंचकर्म (शुद्धिकरण प्रक्रियाएँ), और आहार संबंधी सिफारिशें शामिल हैं। यह न केवल रोगों का उपचार करता है बल्कि उनकी रोकथाम पर भी जोर देता है। आयुर्वेदिक जीवनशैली में दैनिक और मौसमी दिनचर्या, योग अभ्यास, और ध्यान शामिल हैं, जो दीर्घायु और स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करते हैं। योग और आयुर्वेद दोनों का उद्देश्य शरीर और मन के बीच संतुलन बनाए रखना है। योग करने से महिलाएं सशक्त होती हैं। सशक्त महिलाओं से समाज में संतुलन की स्थिति पैदा होती है। संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिंदु महिलाएं ही हैं। महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी सशक्त होगा। योग परिवार को जोड़ने का काम करता है। योग अर्थात जोड़ना। महिलाएं, योग के द्वारा परिवार, समाज और देश में एकता को बल प्रदान करती हैं। योग एक होने का ही नाम है। एकता का सूत्र, योग के द्वारा ही संभव है। महिलाएं योग के द्वारा संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करती हैं। योग से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है। नारी सशक्त बनेगी तो देश सशक्त बनेगा। योग, महिला सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली साधन है। योग, महिला सशक्तिकरण का केंद्र बिंदु है। अतएव हम कह सकते हैं कि योग, महिलाओं को एकता के सूत्र में पिरोता है।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजरायल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजरायल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाशचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, जब तक इजरायल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है। इजरायल ने 13 जून, 2025 को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजरायल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिए ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजरायली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजरायली डिफेंस सिस्टम ने इजरायल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए। इधर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफहै कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, आज 61वां दिन था। फ्लत: इजरायल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजरायल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफहै ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम 235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देश हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है।

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी!

**नितिन गडकरी**

साल 2014 में जब नरेन्द्रा मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्चर प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है।

पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण – ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा।

पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्सत की लागत को 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9 प्रतिशत पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध



सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों – बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री – पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थाणयी समस्यार को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए रुकेगी।

ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता – इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की ज़रूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येपक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9 प्रतिशत और कार की बिक्री में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोज़गार के कई अवसरों का भी सृजन किया है । कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़े- 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्से की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफ़र केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है।

पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज़ गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके।

अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा – यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।

**(लेखक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### धनेश्वर चंद्रा उच्चभीट्ठी को 2100 का आराधना फ़ाउंडेशन से सहायता राशि मिला



**सारंगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )** आराधना रुरल हेलपेज फाउंडेशन सारंगढ़ के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लोग उत्साह के साथ सदस्यता पंजीयन करा कर संस्था से लाभ उठा रहे हैं इसी कड़ी में ग्राम उच्चभीट्ठी के सदस्य श्रीमती भूरी बाई चंद्रा की मृत्यु हो गई थी जिसकी जानकारी हलह मित्र श्रीमती लक्ष्मीन अनंत के द्वारा संस्था को जानकारी दी गई। दिनांक 20 जून 2025 को दशगात्र में संस्था के टीम पहुंचकर इस दुखद घड़ी में आराधना फाउंडेशन के द्वारा श्रीमती भूरी बाई चंद्रा के बेटा भुवनेश्वर चंद्रा को 2100 का सहायता राशि दिया गया। सहायता प्रदान करते समय आप फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री इन्द्रजीत मनहर, सर्कल ऑफिसर कृष्णा प्रेमी, कृष्णा महिलाने और फूलमत कोशले साथ रहे। साथ ही शोकाकुल परिवार के ईश्वर, भानु, दूजे, बसंत, धनीराम, माखन, भरत, मनोहर, किशोर, अभिराम, फिरतू, तिलक, चमरू, नम्मू, मुरली, हरि, दीपक, शिवचरण, धनेश्वर, मोहन एवं समस्त चन्द्रा परिवार साथ रहे।

### प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

**योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ के संबंध में जागरूकता लाने के लिए योग दिवस का आयोजन किया जाता है:प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे**



**दुर्ग/** नगर पालिक निगम प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने आज एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता आरके जैन के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून 2025 को योग प्रदर्शन का कार्यक्रम खालसा स्कूल जल परिसर स्थित में होगा। प्रभारी महापौर ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तैयारी के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ के संबंध में जागरूकता लाने के लिए योग दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन खालसा स्कूल सहित शहर क्षेत्र में योग प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के दौरान आसन, प्राणायाम, ध्यान आदि का प्रदर्शन किया जाएगा।मुख्य अतिथियों सहित, सामाजिक संस्थाओं, संघ के सदस्यों, खेल संघ,स्कूली बच्चे के अलावा पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को योग प्रदर्शन कार्यक्रम में सहभागी देंगे।जन संपर्क/राजू बक्शी

### नाली के उपर किए गए अवैध अतिक्रमण को निगम ने हटाया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत नाली के उपर अवैध अतिक्रमण को निगम ने हटाया। वार्ड क्रं 30 प्रगति नगर 18 नम्बर रोड क्षेत्र में 35 लोगो द्वारा नाली के उपर स्लैब डालकर अवैध कब्जा किया गया था। जिससे नाली के पानी का निकासी ठीक तरह से नहीं हो रहा था और बरसात का पानी रोड में जमा हो रहा था। निगम के सफाई कर्मियों को भी नाली सफाई करने में परेशानी आ रही थी और आम नागरिको का शिकायत था। संबंधितो को स्वयं से कब्जा हटाने निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था, किन्तु कब्जाधारियों द्वारा अतिक्रमित कब्जा नहीं हटाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त सतीश यादव एवं सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किए है कि स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करें। आदेश के परिपालन में जोन 03 के राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने नालियों के उपर से अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई एवं तोड़फोड़ से निकले मलवे को निगम के वाहन से हटाया गया। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुर्णामणी यादव, छावनी थाना के पुलिस बल, सुपरवाईजर, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता सहित उनकी टीम उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संसद राठिया ने ली प्रेसवार्ता

**सारँगढ में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे राधेश्याम राठिया**




**सारँगढ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )** – 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा उसी कड़ी में आज सारंगढ़ केसरवानी भवन में योग दिवस को लेकर पत्रकार वार्ता ली जिसमें रायगढ़ लोकसभा संसद राधेश्याम राठिया ,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय,भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, श्रीमती केरा बाई मनहर पूर्व विधायक,दुर्गा ठाकुर, जगन्नाथ केशरवानी, हरि नाथ खुंटे, मनोज जायसवाल शामिल हुए संसद राठिया ने योग दिवस को लेकर मिडिया से संवाद किया और योग कितना जरूरी है योग की विशेषताओ को लेकर बात की कहा की योग सिर्फ शरीर को ही स्वस्थ नही करता बल्कि शरीर की थकावट के साथ मन को भी शांत और स्थिर करता है योग से रोगप्रतिरोध क्षमता बढ़ती है आज के रोजमर्रा जीवन में या भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग कई तरह से परेशान रहते है जिसकी वजह से तनाव बढ़ता जाता है और एक समय ऐसा आता है कि शरीर बीमारियों का घर बन जाता है लेकिन योग से निरोग रहा जा सकता है कई हजार वर्ष पुरानी यह परम्परा है जहां योग से ही तन और मन दोनों को स्वस्थ रखा जाता था और आज भी यह बहुत कारगर है योग आमजन जीवन में एक चमत्कार की तरह काम करता है इसलिए हम कहते है कि हर किसी को योग करना चाहिए और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग्य दिवस मनाया जाएगा जिसमें आप सबको वृहद रुप से भाग लेनी है योग दिवस को लेकर मंडी प्रांगण में कल सुबह होगा जिसमें स्कूली बच्चों से लेकर युवा वर्ग, अधिकारी कर्मचारी, नेतागण और आमजन तमाम लोगो के साथ योग करते हुए योग दिवस मनाया जाएगा

**सारंगढ़ में आयोजित योग दिवस में शामिल होंगे. 21 जून : 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**– एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर 21 जून को 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिला स्तर पर सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में प्रात: 6.30 बजे प्रारंभ किया जाएगा, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया, सांसद लोकसभा रायगढ़, विशिष्ट अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, विधायक बिलाईगढ़ कविता लहरे, सोनी अजय बंजारे, सारंगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष, संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष होंगे। इसमें जनप्रतिनिधि, स्कूली, एनएसएस, कॉलेज के बच्चों सहित युवा, बुजुर्ग,सभी इच्छुक एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन होगा।

## योग संगम एवं हरित योग का नेहरू गार्डन योग केंद्र में उत्साहपूर्ण आयोजन



**स्वस्थ रहना और प्रकृति से जुड़ाव रखना, आज के जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है निगम आयुक्त प्रिया गोयल**

ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय के पास सिविल लाइंस स्थित नेहरू गार्डन योग केंद्र में योग संगम और हरित योग का भव्य आयोजन किया गया। यहआयोजन स्वस्थ तन, शांत मन और प्रकृति प्रेम को समर्पित था।कार्यक्रम की शुरुआत योग प्रशिक्षक निकिता धरमगुड़ी और उत्तरा सिंह गौतम द्वारा गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं उद्गीत प्राणायाम के साथ की गई। इसके उपरांत प्रतिभागियों ने सूक्ष्म व्यायाम, संधि संचालन, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञा योग, कटिआसन और ताली योग के माध्यम से शरीर व मन को सशक्त किया। विशेष आकर्षण रहा हरित योग — जिसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के मदनमोहन खंडेलवाल और गोपाल शर्मा सहित 55 से अधिक प्रतिभागियों ने एक-एक पौधा लेकर पर्यावरण चेतना के साथ योगाभ्यास किया।

प्रशिक्षक निकिता ने एक पेड़ से दूसरे पेड़ के बनने की प्रक्रिया को योग आसनों के माध्यम से रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसमें प्रकृति के साथ मानव के संबंध को भावपूर्ण रूप में दर्शाया गया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. उत्प्रेक्षा सिन्हा ने संगीतमय ताली योग कराकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। तत्पश्चात नगर पालिक निगम की आयुक्त प्रिया गोयल ने सभी को हरित योग की शपथ दिलाते हुए कहा स्वस्थ रहना और प्रकृति से जुड़ाव रखना, आज के जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पी.सी. सार्वा, इंजीनियर नमिता नागवंशी, पार्षद योगेश लाल, चक्रधर सिंह यादव, डिगेश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों का योग केंद्र द्वारा श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। जननी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शेषनारायण गजेन्द्र ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ योग आयोग से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से धमतरी के विभिन्न गार्डनों में नियमित रूप से निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सरिता दोशी ने सभीप्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा ङ्कयोग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, यह जीवनशैली को प्रकृति के साथ जोड़ने का संकल्प है।इस अवसर पर सुलेखा जोशी, भावना यादव, गोविंद कोसरिया, संगीता मानिकपुरी, सेवक साहू, रीना मानिकपुरी, घनश्याम ध्रुव, मनमोहन दास मानिकपुरी, डिगेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, काजल मुंजवानी, राजकुमार मुंजवानी, अशोक खंडेलवाल गुरमीत कौर, आरती कौशिक,चक्रधर यादव, वंदना शर्मा, परी ध्रुव, रामेश्वरी देवांगन देविका देवांगन , मधु जोशी, मीना शर्मा सहित अन्य नागरिकों ने भाग लिया।कार्यक्रम उपरांत प्रतिभागियों के लिए इडली-सांभर, मूंग-चना, ठंडाई और मैंगो शेक जैसे पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई थी।

## धमतरी पुलिस थाना कुरूद द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री हेतु, परिवहन करते युवक को रंगे हाथों पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**आरोपी से 33 पौवा देशी शराब कीमती 3300/- रूपये एवं प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमती 35,000/- रूपये, कुल 38,300/-रूपये किया गया जप्त**



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल रात्रि थाना कुरूद के सउनि.अजय बनारसी द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान सोनालिका ट्रैक्टर शोरूम के सामने एनएच-30 कुरूद क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को रोका गया। पूछताछ एवं तलाशी लेने पर युवक के पास से 33 पौवा देशी मसाला शराब (कीमत लगभग ?3,300/-) अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया।

*आरोपी का नाम: *नाम - यशवंत वर्मा
पिता ङ्क खूबलाल वर्मा,उम्र - 24 वर्ष
पता ङ्क कारगिल चौक, भारत ऑटो सेंटर के आगे, कुरूद

आरोपी के कब्जे से अवैध शराब के साथ एक पुरानी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स (ष्ट्ठ-04-रुझ-2030) कीमत लगभग ?35,000/- भी जप्त की गई। संपूर्ण जप्ती की अनुमानित कीमत 38,300/- है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 162/25, धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया।

## नशा मुक्त परिवहन, सड़क सुरक्षा,यातायात व्यवस्था और स्वच्छता को लेकर ई-रिक्शा/ आटो चालकों की ली गई महत्वपूर्ण बैठक



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी पुलिस,नगर निगम धमतरी तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नगर निगम सभागार में किया गया। बैठक का उद्देश्य नशा मुक्त परिवहन,सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था में सुधार, सार्वजनिक सुविधा में वृद्धि तथा नशा मुक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता रहा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली श्री राजेश मरई द्वारा सभी चालकों को नशा मुक्त परिवहन की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि कोई भी चालक नशा करके वाहन नहीं चलाएगा। इस पहल का सभी चालकों एवं यूनियन प्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए इसे यात्री सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बैठक के मुख्य निर्णय:-

*मंडी रोड-बस स्टैंड क्षेत्र में ई-रिक्शा स्टैंड निर्धारित किया जाएगा, जहाँ प्रत्येक ई-रिक्शा पर यूनिक नंबर और चालक का मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा, जिससे अपराधों की रोकथाम में सहयोग मिलेगा।

सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुँचाने वाले नागरिकों को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिससे मानवीय सहायता को प्रोत्साहन मिले। शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए चालकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें।

इस बैठक में परिवहन से जुड़ी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श हुआ और यूनियन के सदस्यों ने प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, लेकिन नियमों का पालन करने वालों को प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसमें सभी चालकों ने यातायात नियमों का पालन करने, स्वच्छता बनाए रखने और नशा मुक्त परिवहन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे

**दुर्ग।** परिवहन आयुक्त, कार्यालय नवा रायपुर एवं केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार आम जनता/कार्यालीयीन अधिकारी कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोस्मेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यवाही करेंगें। इसी कड़ी में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के मुख्य द्वार पर 23 जून से 28 जून 2025 तक, कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में 23 जून से 28 जून 2025 तक, कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा में 23 जून से 28 जून 2025 तक, जनपद पंचायत कार्यालय परिसर पाटन में 30 जून से 05 जुलाई 2025 तक और जनपद पंचायत कार्यालय परिसर धमधा में 30 जून से 05 जुलाई 2025 तक शिविर लगाये जाएंगे। उक्त प्रस्तावित शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर किया जा सकता है।

# छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में हुई प्रथम सुनवाई

**कुल 13 प्रकरणों में 5 प्रकरण नस्तीबद्ध, 3 प्रकरण रायपुर स्थानान्तरित हुआ, समझौता, समझाईस पर आवेदिका को एक लाख रूपये देने हुए सहमत**






**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )** /छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य सरला कोसरिया ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में यह 329वीं एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में प्रथम सुनवाई हुई। जन सुनवाई में जिले के 13 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत रायगढ़ के पूर्व सदस्य अनिका भारद्वाज, गणमान्य नागरिक शिवकुमारी चौहान, कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर एस के टंडन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

**सुनवाई-** सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने अपनी सास और ससुर के खिलाफ आवेदन प्रस्तुत किया है कि, उसे दहेज के लिए तंग करते है। उसकी शिकायत झूठी पाई गई। अनावेदक पक्ष ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं और उसने सभी को दो-दो एकड जमीन दे दी है और दो एकड़ अनावेदक पक्ष के पास है। उसके अलावा संयुक्त परिवार का मेडिकल स्टोर भी आवेदिका ने अपने पास रख ली है और आवेदिका ने अपने जेठ के खिलाफ एफआई.आर. किया था जिसको लेकर उनका सुलहनामा हो चुका है इन कारणों से दोनो पक्षो के मध्य आये दिन लडाई झगड़ा होते रहता है दोनो पक्षो को समझाईस दिया गया कि, अपने-अपने हिस्से में रहे और एक-दूसरे के मामले में दखल अनदाजी न करें। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। उल्लेखनीय है कि इस केस में शिकायतकर्ता महिला के पास निजी नौकरी, मेडिकल दुकान, बटवारा की जमीन सब थी, लेकिन कानून का भय दिखाकर एफआईआर कराकर बूढ़े सास ससुर सहित देवरानी आदि को परेशान कर रही थी और महिला स्वयं सभी जगह उनके विरुद्ध उल्टा शिकायत की थी। ऐसे ही एक प्रकरण में दोनो पक्षो को विस्तार से सुना गया और विस्तृत काउंसलिंग किया गया। दोनो की एक सात वर्षीय बेटी है। अनावेदक उनका पालन-पोषण करने के लिए तैयार नहीं है। अनावेदक कहता है कि, उनकी नौकरी छूट गई है जबकि वह जिंदल कंपनी में काम करता था और उसकी 62 हजार रूपये प्रतिमाह तनख्वाह थी। दो साल से आवेदिका अपने मायके में है अनावेदक ने उसे अब तक कोई भरण पोषण नहीं दिया है और न ही देने की मंशा रखता है। ऐसी स्थिति में आवेदिका के द्वारा की गई शिकायत सही साबित होती है कि अनावेदक उसे लगातार प्रताडित करते आ रहा है। आवेदिका को तुरंत आर्डरशीट की प्रति नि:शुल्क दिया जाता है जिसके आधार पर यह अनावेदक के खिलाफदहेज प्रताड़ना की एफ आई.आर. करा सकेगी इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में अनावेदक के परिवार की ओर से उपस्थित दो व्यक्ति ने बताया कि आवेदकगण सभी केदारनाथ गये है। हाईकोर्ट की कागज लेकर उपस्थित हुए है। आवेदिका पक्ष को सुना गया और समझाईस दिया गया कि वह रायपुर महिला आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर प्रकरण में सुलहनामा कर एकमुश्त भरण पोषण के साथ आपसी राजीनामा से तलाक करवा सकते है। अनावेदक पक्ष भी इस सुलह के लिए तैयार हो सकते हैं। प्रकरण रायपुर सुनवाई के लिए स्थानांतरित किया जाता है। अगली सुनवाई 14.07.2025 को होगी। अन्य प्रकरण में प्रकरण रायपुर स्थानान्तरित किया गया जहां उभयपक्ष एकमुश्त भरण पोषण के रूप में आपसी राजीनामा से तलाक लेंगे अन्यथा आवेदिका उनके खिलाफ सिविल सर्विसेस रूल्स के तहत् आयोग के द्वारा कार्यवाही की अनुशंसा किया जायेगा अगली सुनवाई दिनांक 14.07.2025 को होगी। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने दो बार आवेदन प्रस्तुत किया था। उभय पक्षो ने बताया कि दोनों पक्षो के बीच समझौता हो गया है अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। ऐसे ही एक प्रकरण में उभय पक्ष ने आपस में आर्य समाज से विवाह किया था जिसके बाद बिना तलाक लिये अनावेदक ने दूसरा विवाह कर लिया है। आयोग के द्वारा समझाईस दिये जाने पर दोनो पक्ष आपसी राजीनामा से तलाक के लिए तैयार है। अनावेदक पक्ष आवेदिका को एक लाख रूपये देगा और सुलहनामा के आधार पर आपसी राजीनामा से तलाक का आवेदन रायपुर न्यायालय में प्रस्तुत होगा आगामी सुनवाई रायपुर में दिनांक 21.07.2025 को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### किरंदुल स्टेट बैंक की 70वीं वर्षगांठ पर बैंक कॉलोनी और शाखा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** किरंदुल भारतीय स्टेट बैंक की 70वीं वर्षगांठ (प्लेटिनम जुबली) के अवसर पर कीरंदुल शाखा द्वारा बैंक कॉलोनी और शाखा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस नेक पहल में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, सीएमओ शशि भूषण मोहपात्रा, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में एसबीआई कीरंदुल के मुख्य प्रबंधक उत्कर्ष देवांगन के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों परख दुआ, प्रतीक सायर, सुनील कोर्राम, भुजबल कुमार, विष्णु टेकाम, घनश्याम संबोईर, अनुराग महावार, सना फातिमा और श्वेता सिंह ने सक्रिय योगदान दिया। मुख्य प्रबंधक ने विशेष रूप से विष्णु टेकाम, भुजबल कुमार और सुनील कोर्राम को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।उत्कर्ष देवांगन ने आम जनता और एसबीआई के ग्राहकों से अपील की कि वे इस पर्यावरणीय पहल से जुड़ें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सके।

### लालबाग में निकलेगी महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील



**राजनांदगांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के तत्वावधान में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा लालबाग प्रभात नगर, वार्ड क्रमांक 23 से धूमधाम से निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं रथ यात्रा समिति के संरक्षक गोलू नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि रथ यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालुजनों और नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने पूरे परिवार सहित रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें। रथ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग को सजाया जाएगा और भजन-कीर्तन, शंखध्वनि व जयघोषों से वातावरण भक्तिमय होगा। श्रद्धालु भक्तगण रथ को खींचकर पुण्य अर्जित करेंगे। इस दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली यह यात्रा सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का प्रतीक बन चुकी है। यात्रा के सफल आयोजन हेतु समाज के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गोलू नायक वर्तमान में छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के प्रदेश महामंत्री, जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के संरक्षक तथा सफाई कर्मचारी नगर पालिक निगम यूनियन संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय : चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 23 से 27 जून तक

**धमतरी/** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार सूची विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसिलिंग 23 जून से 27 जून तक राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को काउंसिलिंग स्थल में निर्धारित समय के एक घंटा पहले उपस्थित होना होगा। उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कक्षा आठवीं की अंकसूची, यदि परिवार नक्सल हिंसा से प्रभावित है।

# जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति का बड़ा फैसला, सीईओ निलंबन का प्रस्ताव पारित

**छुईखदान ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत छुईखदान में बुधवार को आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक के बाद एक सख्त फैसले लिए गए। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार को निलंबित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह निर्णय जनपद में लगातार उजागर हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों और नियमों के विरुद्ध एकल हस्ताक्षर से करोड़ों रुपए के भुगतान को देखते हुए लिया गया।

बैठक में सदस्यों ने आरोप लगाया कि सीईओ ने जनपद के नियमों को दरकिनार कर अपने पसंदीदा वेडर को सीधे भुगतान किया, जिससे पंचायत और जनप्रतिनिधियों की भूमिका नगण्य हो गई। इस पूरे मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, जनपद के किसी भी मद से कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा। सामान्य प्रशासन समिति के बैठक में यह भी खुलासा हुआ कि कुछ दैनिक वेतनभोगी ऑपरेटरों ने सीईओ के साथ मिलकर फर्जी तरीके से विकास मद के रुपए अपने खातों में स्थानांतरित किए। इन गंभीर आरोपों के आधार पर ऑपरेटर सुदामा साहू, सतीश जंगाड़े, दीपक और कलेश्वर सेन को तत्काल प्रभाव से



काम से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा लिपिक पद पर कार्यरत कोमल जंघेल को जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार के चलते पद से हटाने का निर्णय लिया गया।

सामान्य प्रशासन समिति ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना समिति की स्वीकृति के अब किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यह व्यवस्था जनपद की पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

समिति की बैठक के दौरान सीईओ रवि कुमार मेडिकल अवकाश पर थे, उनके स्थान पर एडीईओ गोपाल गिरी ने बैठक में भाग लिया।

दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई सामान्य सभा की बैठक का माहौल शुरुआत से ही गरम रहा। सीईओ की गैरमौजूदगी और सूचना प्रणाली में पारदर्शिता की कमी पर कांग्रेस के सदस्य नाराज हो गए, उनका कहना था कि उन्हें केवल ऑनलाइन सूचना भेजी गई, जबकि ऑफलाइन आमंत्रण और विभागीय ब्रोशर नहीं मिले। इससे बैठक की गंभीरता पर सवाल उठाया गया।

बैठक में जब सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा की, तो पाया गया कि अधिकांश विभागों के अधिकारी अनुपस्थित थे। इससे नाराज होकर जनपद सदस्य रमेश साहू सहित अन्य सदस्यों ने अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि पहली बार अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा, वहीं बैठक में लगातार दूसरी बार अनुपस्थित रहने वाले विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने उच्च अधिकारी को पत्राचार करने प्रस्ताव पारित किया गया।

जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति के सदस्य डोमार सिंह भेड़िया ने बताया कि जनपद में लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार और सीईओ व ऑपरेटरों की मनमानी के चलते समिति को सख्त कदम उठाने पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की राशि के गबन, एकल हस्ताक्षर से अनियमित भुगतान और जनप्रतिनिधियों को दरकिनार करने जैसे गंभीर मामलों के खुलासे के बाद सीईओ के निलंबन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

डोमार ने आगे बताया कि सामान्य सभा की बैठक के दौरान अधिकतर विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे बैठक की प्रक्रिया बाधित हुई। अधिकारियों की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और सामूहिक सहमति से बैठक को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य सभा की अगली बैठक 2 जुलाई को आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

इस संबंध में जनपद पंचायत छुईखदान के एडीईओ गोपाल गिरी का कहना है कि मैं फिलहाल बाहर हूं बाद में जानकारी दूंगा।

# पर्यावरण के मूल उद्देश्यों को भूला दुर्ग नगर निगम, पद्मनाभपुर में पेड़ कटने से वार्डवासियों में आक्रोश

### पूर्व में पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधे निगम ने दूसरे ही दिन उखाड़ लिए थे



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को गुजरे अभी महीने भर भी नही हुए है,लेकिन पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने पौधे लगाने के मूल उद्देश्य को दुर्ग नगर निगम के जिम्मेदार लोग भुलते नजर आ रहे है। कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर भी नगर निगम द्वारा बड़े-बड़े आयोजन कर शरीर को स्वस्थ रखने योग क्रियाओं की महत्ता बताकर जन जागरुकता फैलाई जाएगी,लेकिन पद्मनाभपुर वार्ड क्रमांक-45 में शुक्रवार को सुबह मिनी स्टेडियम के सामने लगे 30 से 35 वर्ष पुराने बड़े पेड़ों को नगर निगम द्वारा काटे जाने की सामने आई घटना ने निगम प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य की दिशा में किए जा रहे कार्यों पर बड़ा सवाल खड़े कर दिया है। यहां एक नहीं, बल्कि तीन से चार की संख्या में हरे भरे बड़े पेड़ काटे गए है। कल तक हरा भरा दिखने वाले क्षेत्र में अब केवल कटे पेड़ के ठूंठ ही शेष रह गए है। निगम द्वारा पेड़ काटे जाने से क्षेत्र के लोगों में नगर निगम के कार्यप्रणाली के खिलाफ आक्रोश का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना था कि पेड़ पर्यावरण संरक्षण व बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। शासन-प्रशासन द्वारा पेड़ लगाने वृहद् अभियान भी चलाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं एक पेड़ मां के नाम लगाने आव्हान किया है। जो अब अभियान बन गया है, लेकिन भाजपा की सत्ता वाली दुर्ग नगर निगम में ही उल्टी गंगा बहते नजर आ रही है। निगम द्वारा वर्षों पुराने पेड़ कटवाए जा रहे है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर नगर निगम के महापौर, सभापति, पार्षदों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रगति मैदान बोरसी में वृहद् वृक्षारोपण किए गए थे, लेकिन दूसरे दिन ही यह पौधे निगम द्वारा खुद उखाड़ लिए गए थे। इस मामले में विपक्षी कांग्रेसी पार्षदों द्वारा खूब हल्ला मचाया गया था, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। जिससे उखाड़े गए पौधे किस हालत में है। इसका किसी को अता पता नहीं है।

**कटे पेड़ के स्थान पर जल्द किया जाएगा वृक्षारोपण-पार्षद संजय अग्रवाल**

मिनी स्टेडियम के सामने पद्मनाभपुर में काटे गए पेड़ों के संबंध में भाजपा के वार्ड पार्षद संजय अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मिनी स्टेडियम के सामने पेड़ों के ऊपर से विद्युत लाईन गई हुई है। पेड़ों की डंगालियों की वजह से प्राय: क्षेत्र में विद्युत बाधित होने की समस्या उत्पन्न हो रही थी, वहीं पेड़ पुराने होने की वजह से दीमक लग गए थे। पेड़ों से कीड़े भी नीचे गिर रहे थे। जो लोगों को परेशान कर रहे थे। पार्षद संजय अग्रवाल का कहना था कि पेड़ की वजह से उत्पन्न हो रही समस्या व पेड़ के हालात के मद्देनजर पेड़ काटने की स्थिति बनी। बहुत जल्द ही इन पेड़ों के स्थान पर वृहद् वृक्षारोपण कर पुन: क्षेत्र में हरियाली लाई जाएगी।

### योग दिवस पर आज भिलाई-03 में सहजयोगी सामुहिक रुप से करेंगे योग क्रिया

**दुर्ग ।** सहजयोगी माताजी निर्मला देवी सहजयोग ट्रस्ट दुर्ग-भिलाई द्वारा कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर भिलाई-03 स्थित डॉ. अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में सामुहिक रुप से योग क्रिया की जाएगी। यह योग क्रिया दोपहर 3 बजे से शुरु होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। योग क्रिया के माध्यम से तनाव से मुक्ति, शारीरिक शक्तियों को जागृत, आत्मा की अनुभूति एवं विचारों से ऊपर उठकर मानसिक शांति प्राप्त की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए दुर्ग-भिलाई सहजयोग प्रमुख उषा अग्रवाल ने बताया कि माताजी निर्मला देवी द्वारा स्थापित सहजयोग एक ध्यान प्रणाली है,जिसके माध्यम से शारीरिक शक्तियों को जागृत किया जाता है। आत्मा से परमात्मा का मिलन ही सच्चा योग है। उन्होने योग दिवस पर दुर्ग-भिलाई के सहजयोगियों से कार्यक्रम में शामिल होकर योग के क्रियाओं की लाभ उठाने की अपील की है।

# राजनांदगांव की अंशिका त्रिपाठी ने सीनियर कत्थक एकल नृत्य प्रतियोगिता में मारी बाजी



**राजनांदगांव।** कला-संस्कृति की समृद्ध नगरी राजनांदगांव की होनहार बेटी अंशिका त्रिपाठी ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग स्थित गोरख रंगमंच, भानु भवन में 30 मई से 2 जून तक आयोजित अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता में उन्होंने सीनियर कत्थक एकल नृत्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

अध्य डांस एकेडमी की प्रशिक्षु अंशिका ने गुरू स्वाति मैडम के मार्गदर्शन में नृत्य की बारीकियों को आत्मसात कर यह उपलब्धि हासिल की है। अंशिका की इस सफलता से जिले में खुशी की लहर है और कला प्रेमियों में गर्व का भाव।

अंशिका त्रिपाठी, श्रीमती उषा एवं रामप्रकाश त्रिपाठी की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर परिजन श्वेता उपाध्याय ने हर्ष जताते हुए कहा कि बेटी अंशिका ने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

प्रतियोगिता में अंशिका के अलावा अन्य छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में प्रदेश का परचम लहराया, लेकिन अंशिका का पहला स्थान जिले के लिए खास उपलब्धि बन गया है। शहरवासियों, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने अंशिका को ढेरों बधाइयां देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य नवोदित कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत है।

राजनांदगांव की कला भूमि से निकली अंशिका ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल : परिवार परामर्श के रूप में ''सामंजस्य अभियान''



**मुंगेली ( समय दर्शन )** कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में महिलाओं एवं परिवार की सुरक्षा और उनके सामाजिक व सांस्कृतिक परिस्थिति को बेहतर बनाने तथा बिखरे परिवारों को आपस में मिलाने के लिए परिवार परामर्श के रूप में ''सामंजस्य अभियान'' चलाया जाएगा। कलेक्टर ने जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि यह पहल न केवल महिलाओं और उनके परिवार की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए पारिवारिक सामंजस्य बनाने में भी मदद करेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहल पारिवारिक सामंजस्य बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम है। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव एवं श्रीमती मेनका प्रधान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा, खनिज प्रबंधन, नशा मुक्ति और पशु संरक्षण पर प्रशासन सख्त

## जिला स्तरीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश, सड़क सुरक्षा : जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य पर जोर

**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति, खनिज विभाग, एनसीओआरडी और पशु संरक्षण से संबंधित जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्ययोजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स और जंक्शन सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुंगेली सर्किट हाउस के पास रंबल स्ट्रिप बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यालयों के आसपास सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से साइन एजेस और रंबल स्ट्रिप्स लगाने की बात कही, ताकि दुर्घटना की आशंका ना रहे और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्कूली बसों की नियमित जांच करने और बिलासपुर-रायपुर एन.एच. 130 में स्थित ग्राम पेण्ड्री स. के ग्रामवासियों के आवागमन के लिए रोड क्रासिंग हेतु डिवाईडर कटिंग एवं साईन बोर्ड लगाने निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



कलेक्टर ने कहा कि जिले में शून्य दुर्घटना (जीरो एक्सीडेंट) का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन, विशेषकर ट्रिपल सवारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए। ट्रॉमा से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सड़क पर झुके हुए पोल, मुरूम और गिट्टी के अव्यवस्थित ढेर को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही बरेला पुल (एनएच) के सुधार के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शराब या नशा का सेवन कर वाहन चालन, बिना हेलमेट के वाहन चालन करने वाले तथा वाहन चालन के समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी, प्रेशर हॉर्न, गलत दिशा में वाहन चालन करने वाले चालकों, गति सीमा से तेज वाहन चलाने वालों, चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट के बैठने एवं चलाने और यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

**खनिज विभाग: अवैध उत्खनन व परिवहन पर सख्ती-** खनिज राजस्व में वृद्धि पर संतोष जताते हुए कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय टास्क फोर्स एजेंडा पर भी चर्चा हुई। नई रेत खदानों के प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि बिना अनुमति निर्माण सामग्री का परिवहन न हो। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के दौरान 15 अक्टूबर तक रेत खदान बंद रहेंगी। इस दौरान खनिजों के अवैध उत्खनन और भंडारण की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस अवधि में राजस्व, पुलिस, परिवहन विभाग, पुलिस, खनिज, वन एवं पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने भार क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले एवं बिना तारपोलिन ढंके खनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा। उन्होंने अवैध उत्खनन एवं परिवहन में जब्त वाहनों को नजदीकी थाने में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन पर नियंत्रण के लिए संबंधित थाना क्षेत्रों को अलर्ट रहने कहा।

**एनसीओआरडी बैठक नशामुक्त भारत पखवाड़ा पर विशेष चर्चा-** कलेक्टर ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आम जनता, विशेषकर बच्चों और पालकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मादक पदार्थों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि आदतन अपराधियों पर पीटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

**पशु संरक्षण: सड़कों से हटाएं आवारा मवेशी-** बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी एक और गंभीर समस्या सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाकर इन्हें हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सघन बधियाकरण हेतु चिन्हांकित ग्राम संख्या, लक्ष्य एवं प्रगति, पंजीकृत गौशाला, चिन्हित सड़कों से आवारा पशुओं को हटाए जाने के लिए प्रबंधन की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर-खास

### वनाँचल क्षेत्र के कार्डधारियों के लिए मुसीबत बना ओटीपी सिस्टम : संजय नेताम



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने छग शासन के पीडीएस वितरण में ओटीपी सिस्टम की विफल बताकर सरकार को घेरा है, उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राशन कार्ड में ओटीपी का फरमान जनता के मुसीबत बन चुका है। वहीं इस फरमान से ग्रामीण वनाँचल क्षेत्र में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। जहां नेटवर्क हमेशा धीमा चलता है अथवा लंबे समय तक गायब रहता है ।ऐसे में राशन दुकानदारों तथा राशन लेने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण विगत कई दिनों से चॉइस सेंटर का चक्कर काटकर परेशान हो रहे हैं। खासकर बुजुर्ग लोग मुसीबत का सामना कर रहे हैं। अगर इस व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो जनता को भूखे रहने की नौबत आ सकती है ।न केवल गांव में बल्कि शहर में भी ओटीपी नंबर आने में एक दिन लग जाते हैं ।लोग झोला लिए दिन भर राशन दुकान के सामने बैठे रहते हैं ।लोगों को कई दिनों के बाद भी राशन नहीं मिला है ।ग्राहकों तथा दुकानदारों दोनों का कहना है की फिंगरप्रिंट वाला सिस्टम ही ठीक था जिसमें 30-40 ग्राहक प्रतिदिन निपटाए जा सकते थे ।अब हाल यह है कि चार-पांच लोगों का ही नंबर आ पाता है। छत्तीसगढ़ सरकार को चाहिए कि फिंगरप्रिंट सिस्टम ही लागू रखें अथवा दोनों प्रकार के सिस्टम मान्य किए जाएं जिससे दिन भर में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को राशन मिल सके ।जो लोग भोजन के लिए राशन दुकान के अनाज पर ही निर्भर हैं उन्हें तकलीफों का सामना करना पड़ेगा ।अगर व्यवस्थाएं जल्द दुरुस्त नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन का रास्ता तय होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: 21 जून को : राजस्व मंत्री टंकराम होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



**गरियाबंद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिले में भी योग दिवस मनाया जायेगा ।जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद के इंडोर स्टेडियम में प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक किया जायेगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे ।इस अवसर पर जनप्रतिधिगण, स्कूली बच्चे,अधिकारी,कर्मचारीगण सहित आम नागरिक भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेंगे।

# सहसपुर लोहारा पुलिस ने 27 मवेशियों के साथ 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कवर्धा (समय दर्शन)।** जिले की सहसपुर लोहारा पुलिस टीम ने 05 महिला एवं 02 पुरुषों को 27 नग भैंसा पड़वा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 नग भैसा (पड़वा) अनुमानित कीमत ?1 एक लाख 92,000 की बरामदगी के बाद गवाहों के समक्ष जप्त कर गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया।

पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर ग्राम बबई क्षेत्र में पहुंचे पुलिस दल को सूचक गोपीराम साहू ने बताया कि ग्राम मोहगांव से 05 महिलाएं एवं 02 पुरुष 27 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक डंडे से हांकते हुए, बिना चारा-पानी के लॉजी (म.प्र.) की ओर ले जा रहे हैं, जहाँ उन्हें वध हेतु ले जाने की आशंका थी। इस पर प्रार्थी द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर पशु तस्करी व पशुओं के साथ क्रूरता के संबंध में थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 134/25, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11 (1) (क) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के




तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में 1. श्रीमती फुलबाई पति रवि ध्रुर्वे, 40 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला 2. धन्ना ध्रुर्वे पिता राजू ध्रुर्वे, 20 वर्ष, निवासी ग्राम बिरझोला, थाना रावणवाड़ी 3. श्रीमती छाया ध्रुर्वे पति अजय ध्रुर्वे 30 वर्ष, निवासी ग्राम काटी बिरसोला 4. भीमसेन मेरावी पिता स्व. लल्लू सेन, 34 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, थाना रावणवाड़ी, 5. श्रीमती लालूबाई पति भीमसेन, 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला 6. श्रीमती राधाबाई पति स्व. सेवाराम, 30 वर्ष, निवासी ग्राम बगदई, थाना लॉजी, जिला बालाघाट 7. श्रीमती बबलीबाई पति नानू मेरावी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बाजारटोला, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

यह संपूर्ण कार्यवाही प्रभारी पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के दिशा-निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक लालमन साव द्वारा की गई।

# वन विभाग कवर्धा ने अतिक्रमणकारी को भेजा जेल

**कवर्धा (समय दर्शन)।** वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत परिसर चतरी के कक्ष क्रमांक पी.एफ525 में अवैध अतिक्रमण की सूचना पर निखिल अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवान, उपवनमण्डलाधिकारी, पंडरिया के मार्गदर्शन एवं महेन्द्र कुमार जोशी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया (पूर्व) के कुशल नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के वन अमला द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।

क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी की टीम के द्वारा वन क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जे को खाली कराकर संलिप्त आरोपी संतोष वल्द सुद्धूराम श्रीवास, निवासी ग्राम कोदवा गोड़ान, थाना-कुकदूर, जिला-कबीरधाम के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) क, धारा 33 (1) ग, धारा 33 (1) घ, धारा 33 (1) ङ एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2 (16), (ब), धारा 51, 52




एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3, 4 के तहत कार्यवाही किया जाकर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20712/20 दिनांक 10.06.2025 दर्ज किया गया एवं दिनांक 19.06.2025 को जांच कार्यवाही के दौरान विधिवत आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेट, पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने आरोपी को 14 दिन के न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

अतिक्रमणरोधी कार्यवाही में देवनाथ सिदार, विक्रांता सिंह प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, वनरक्षक ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से योग बना वैश्विक आंदोलन,भारत की सांस्कृतिक विरासत को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान: सांसद रूपकुमारी चौधरी

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व गरियाबंद सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है। 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ थीम पर योग दिवस मनाने जा रही है। योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ की थीम न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करती है,बल्कि यह पर्यावरण और समाज के समग्र संतुलन की दिशा में एक ठोस संदेश भी देती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से 2015 में शुरू हुआ यह दिवस आज 190 से अधिक देशों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

योग बना 20 हजार करोड़ की अर्थव्यवस्था,,,,,,सांसद श्रीमती चौधरी ने बताया कि योग अब केवल साधना तक सीमित नहीं रहा,बल्कि यह 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अर्थव्यवस्था बन चुका है ।भारत से प्रशिक्षित 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग प्रशिक्षक दुनिया के विभिन्न देशों में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने में जुटे हैं ।उन्होंने कहा कि योग भारत की 15 हजार वर्ष पुरानी आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल शरीर की कसरत नहीं बल्कि आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक संपूर्ण जीवनशैली है।

गरियाबंद जिले में होंगे विशेष आयोजन: विधायक रोहित साहू,,,,,,इस अवसर पर गरियाबंद विधायक रोहित साहू ने कहा कि योग दिवस को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की गई हैं ।शासकीय, शैक्षणिक,सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास सत्र, जनजागरूकता रैली,योग प्रशिक्षण और सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।विधायक ने बताया कि योग आज की भागदौड़ भरी,अस्त-व्यस्त जीवनशैली के बीच तनाव मुक्ति और शारीरिक संतुलन का अचूक माध्यम है ।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और अपने साथ समाज को भी स्वस्थ बनाएँ ।प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर,नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव,पार्टी पदाधिकारीगण, योग प्रशिक्षक तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नालसा द्वारा संचालित आशा, संवाद और डॉन योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग/** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित योजना 2025 के तहत संचालित योजनाओं के संबंध में माननीय मुख्य न्यायाधिपति/ मुख्य संरक्षक छ.ग. उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में बाल विवाह को रोकने के लिए न्याय जागरूकता हेतु विशेष यूनिट ''आशा'', हासिए पर पड़े, कमजोर आदिवासियों और विमुक्त, घुमंतु जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करने हेतु ''संवाद'' एवं जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत के लिए विशेष योजना ''डॉन'' के संबंध में कार्यशाला का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की अध्यक्षता में 19 जून 2025 को जिला न्यायालय दुर्ग के सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला में कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के प्रधान न्यायाधीश, विशेष यूनिट के समस्त सदस्य अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, पैनल अधिवक्तागण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण विभाग, इकाइयों में सम्मिलित विभिन्न विभाग के पदाधिकारीगण एवं अधिकार मित्र उपस्थित थे।

## बच्चों के सर्वांगिण विकास की पहली सीढ़ी शिक्षा- सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी



### जिले में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए शिक्षा ही पहली सीढ़ी होती है ।शासन द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से सभी शाला जाने योग्य बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। बच्चे ही भविष्य के नागरिक है इसलिए बच्चों को स्कूल भेजना हम सबकी जिम्मेदारी हैं,उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित एवं संस्कारवान बनाकर सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। सांसद श्रीमती चौधरी ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि व्यक्ति के समुचित विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा से ही देश और समाज सशक्त होता है ।विद्यार्थी जीवन ही पूरे जीवन की बुनियाद होती है ।श्रीमती चौधरी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मूल उद्देश्य है कि एक भी बच्चा स्कूल आने से न छूटे ।हमारी सरकार शिक्षा के जरिए पूरे समाज को एक साथ जोड़कर उनके लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है। शिक्षा केवल डिग्री लेने के लिए नहीं है। शिक्षा और संस्कार दोनों जरूरी है।

शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है और उसकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश एवं देश में लगातार अच्छा काम किया जा रह है। युक्तियुक्तकण के माध्यम से सभी स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। विशेष अतिथि के रूप में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है, कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे ।हर बच्चा स्कूल जाए यह सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**//ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जीवन लाल महिलांगे पिता तुलसी राम महिलांगे निवासी देवादा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे माता स्व. कौशिल्या पति तुलसीराम महिलांगे का मृत्यु दिनांक 15.07.1989 को ग्राम देवादा तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक जीवन लाल महिलांगे पिता तुलसी राम महिलांगे निवासी देवादा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 03/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/06/2025 को जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाटन जिला-दुर्ग (छ. ग.)**

**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**//ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पन्ना लाल पिता पुसऊ राम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पुत्र नागेश्वर पिता पन्नलाल का जन्म दिनांक 10.11.2007 को ग्राम बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक पन्ना लाल पिता पुसऊ राम निवासी बोरेन्दा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/06/2025 को जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाटन जिला-दुर्ग (छ. ग.)**

### अवैध शराब बेचने वाला कोचिया पकड़ाया

**बलौदा।** बलौदाबाजार सिटी कोतवाली पुलिस ने समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 9800 कीमत मूल्य का 98 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 19.06.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा भैंसाटसरा बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी सूर्या देवार उम्र 19 वर्ष निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 9800 कीमत मूल्य का 98 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**

कमांक/196/ रा.वि.बा. / 2025 — दुर्ग दिनांक 19/06/25

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष 2025-26**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन में 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण कर्ता का नाम | मोहल्ला | परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| श्री युवराज जैन आ. श्री चतुर्भुज जैन निवासी-जैनम हाईट्स फ्लैट नं. 307 दुर्ग | श्री नत्थू मुसलमान आ. ममदा बख्श निवासी-हटरी बाजार, दुर्ग | हटरी बाजार दुर्ग | हटरी बाजार चांवल लाईन स्थित दुकान क्रमांक-20 दुर्ग | क्रय विक्रय |

**बाजार अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**

कमांक/201/ रा.वि.बा. / 2025 — दुर्ग दिनांक 19/06/25

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष 2025-26**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन में 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण कर्ता का नाम | मोहल्ला | परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| श्री जगदीश कश्यप आ0 स्व0 अयोध्या प्रसाद कश्यप निवासी-शंकर नगर दुर्ग | श्री पवन देवांगन आ. केजूराम देवांगन निवासी-उरला रोड गयानगर दुर्ग | गयानगर दुर्ग | इंदिरा मार्केट बी ब्लॉक प्रेस कॉम्पलेक्स प्रथम तल स्थित दुकान क्रमांक बी/08 दुर्ग | हक त्याग पत्र |

**बाजार अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**

कमांक/196/ रा.वि.बा. / 2025 — दुर्ग दिनांक 19/06/25

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष 2025-26**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन में 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण कर्ता का नाम | मोहल्ला | परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हेमंत कुमार जैन आ. स्व. चतुर्भुज जैन निवासी-जैनम हाईट्स फ्लैट नं. 307 दुर्ग | श्री बक्शाराम जीवनमल निवासी सिंधी कॉलोनी दुर्ग | सिंधी कॉलोनी सिंधी दुर्ग | हटरी बाजार चावल लाईन स्थित दुकान क्रमांक-19 दुर्ग | क्रय विक्रय |
| 2. | श्री युवराज जैन आ. श्री चतुर्भुज जैन निवासी-जैनम हाईट्स फ्लैट नं. 307 दुर्ग | श्री हेमंत कमार जैन आ. स्व. चतुर्भुज जैन निवासी जैनम हाईट्स फ्लैट नं.307 दुर्ग | | | |

**बाजार अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

**प्रगत संगणन विकास केंद्र**
**CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING**
इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

सी-डैक, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एम.ई.आई.टी.वाई.) की एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था है, जो राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न अनुसंधान व विकास कार्यों के संपादन में लगी हुई है।

सी-डैक सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति / समावेषण के आधार पर समूह ए तकनीकी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद | पदों की संख्या | प्रारंभिक पोस्टिंग | वार्षिक सीटीसी |
|---|---|---|---|
| कार्यकारी निदेशक | २ (नियमित) | पुणे व हैदराबाद | लगभग रु. 47 लाख प्रति वर्ष |

अधिक विवरण और पात्रता शर्तों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट https://www.cdac.in पर जाएं

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि - रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से ३०वां दिन

वि. सं. CORP/GR.A/06/2025 — निदेशक (मा.सं.वि)

राष्ट्रीय विकास के लिए प्रौद्योगिकी उन्नति

cbc06132/12/0012/2526

# आमापाली के स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव




**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला आमापाली में बहुत ही धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।

सर्व प्रथम विद्यालय प्रांगण में स्थित विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई व विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंचासीन अतिथियों व शिक्षकों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर , माला पहनाकर व मिष्ठान खीलाकर किया गया। साथ ही नि: शुक्ल पाठ्य-पुस्तक व गणवेश प्रदान किया गया। प्रधान पाठक भावेश कुमार साव द्वारा शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में व शिक्षा से संबंधित शासन की महती योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया । उन्होंने बताया कि विद्यालय के अनुशासन व शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहकर निरंतर उपस्थिति देकर हम पाठ पढ़ें तो निश्चित ही हम अपने जीवन में सफ्लता प्राप्त कर सकते हैं ।सरपंच सेतकुमार सिदार ,संतोष साव, सुंदरमणि मिश्रा, ताराचंद साव, रोहित भोई,शेषो जना, मुकेश सोनी, महेश यादव , मनोहर राणा, नरेंद्र साव,उर्मिला भोई, लक्ष्मी यादव व कुन्ती साव के साथ भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थिति रही। प्राथमिक शाला के नव पदस्थ शिक्षक टीकम जगत जी का भी स्वागत तिलक लगाकर व माला पहनाकर सरपंच सेतकुमार सिदार ने किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने हेतु सरपंच सिदार ने कहा। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक छबिमन्यु सढ़ंगी, अखिलेश कुमार साहू, जगमोहन साव, मनोहर डड़सेना, दुतिया साहू, रसोईया लक्ष्मी यादव, उर्मिला भोई,कुन्तुला जना,शेषो जना, स्वीपर प्रफुल्ल साव, राजेश साव व ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन छबिमन्यु सढ़ंगी ने किया।

## संक्षिप्त-खबर

### जनपद पाटन के ट्रेनी सीईओ पठारे अभिजीत बबन ( आई ए एस) ने किया तरीघाट का निरीक्षण, डायरिया पीड़ित मरीजों से मुलाकात की, नया नाली निर्माण के दिए निर्देश



**पाटन ( समय दर्शन )।** तरीघाट में डायरिया अभी नियंत्रण में है। आज सुबह से ही जनपद पंचायत पाटन ट्रेनी सी ई ओ के रूप में प्रभार लेने वाले आई ए एस अधिकारी पठारे अभिजीत बबन ने तरीघाट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गंदी नाली को साफकरने तथा जहां पर पानी बह रहा है वहां नाली नहीं बनी है वहां पर नाली निर्माण के निर्देश दिए। इसके बाद वे डायरिया से पीड़ित मरीजों से उनके घर में जाकर मुलाकात किया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भुनेश्वर कठौतिया से पूरी जानकारी लिया। बताया जा रहा है कि पाटन अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज स्वास्थ्य हो गए है जिनका आज छुट्टी हो जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि साफसफाई का ध्यान रखें । जो पीड़ित है वो दवाई समय पर लेवे। पानी गर्म करके ही पीए। इस दौरान सरपंच श्रीमती चंद्रिका साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें

### सरपंच और उपसरपंच उठायेंगे चार गरीब बच्चों का पढ़ाई का खर्च, अचानकपुर हाई स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय हाई स्कूल अचानकपुर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच देवानंद साहू और उपसरपंच टिकेश्वर साहू सहित पंचगण मौजूद रहें। बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सरपंच देवानंद साहू ने सभी बच्चों से अपील किया कि वे अच्छे से पढ़ाई करे जिससे कि स्कूल और गांव का नाम रौशन हो सके। सरपंच और उपसरपंच ने इस वर्ष स्कूल के चार गरीब बच्चों का पूरा पढ़ाई का खर्च उठाने का संकल्प लिया। इसमें दो बच्चे अचानकपुर का और दो बच्चे दौर का रहेगा। इस निर्णय का उपस्थित सभी शिक्षकों , पंचों और बच्चों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित स्कूली बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

### जामगांव एम स्थित फूड प्रोफेसिंग प्लांट का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया निरीक्षण



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लॉक के ग्राम जामगांव एम स्थित फूड प्रोसेसिंग प्लांट का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर उपस्थित अधिकारियों ने श्री बघेल का स्वागत किया। उन्होंने प्लांट में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिले इसके लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। इस दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला तर्रा के छात्र कुलदीप कुर्रे का चयन विवेकानंद विद्यापीठ कोटा रायपुर में



**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय प्राथमिक शाला तर्रा,विकासखंड पाटन के छात्र कुलदीप कुर्रे पिता हरिश्चंद्र कुर्रे का प्रवेश परीक्षा के आधार पर विवेकानंद विद्यापीठ आवासीय विद्यालय कोटा रायपुर में कक्षा तीसरी में हुआ है ।कुलदीप कुर्रे होनहार छात्र है ।शासकीय प्राथमिक शाला तर्रा से प्रतिवर्ष कोई न कोई छात्र का चयन अच्छे शैक्षणिक संस्थाओं में हो रहा है ।विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी भी कराया जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान पाठक रोहित साहू, शिक्षक गण प्रेमलता ठाकुर,हेमलता साहू,ढालेश्वर देवांगन, राकेश घिदोड़े एवम ग्राम पंचायत तर्रा के सरपंच विपिन चन्द्राकर,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक खिलावन चन्द्राकर भू. पू. सरपंच,समस्त ग्रामवासियों ने बधाई देते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# 35 शिक्षकों पर कार्रवाई, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ में 16 जून 2025 से राज्य के समस्त विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिले में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु महासमुंद जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिला स्तर से लेकर संकुल स्तर तक मॉनिटरिंग दलों का गठन किया गया था।

जिले के समस्त विकासखंडों को जोनों में विभाजित कर निरीक्षण की व्यवस्था की गई थी। सभी जोन, सेक्टर एवं संकुल प्रभारियों द्वारा निर्धारित तिथि को विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालयों में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें अनुपस्थित 35 शिक्षकों का स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने एक-एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई करने हेतु सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन शिक्षकों का कटेगा एक दिन का वेतन,,



महासमुन्द विकासखण्ड अंतर्गत अपर्णा पाल व्याख्याता, श्रीमती आरती कुजुर व्याख्याता, श्रीमती सारिका साकरकर व्याख्याता, श्रीमती हेमपुष्पा ध्रुव व्यायाम शिक्षक, बाबूलाल नेगी सहा ग्रेड 02, कु. प्रतिभा प्रभा कंवर व्याख्याता, श्रीमती रूखमणी शर्मा व्याख्याता, अशोक ध्रुव स.शि.एल.बी., विनोद पटेल स.शि.एल.बी. की एक दिन की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत नारद साहू स.शि.एल.बी., मेनीष कुमार चन्द्राकर स.शि.एल.बी., शत्रुहन लाल मिर्धा उ.व.शि., देवेन्द्र कुमार ठाकुर शि.एल.बी., लिलेश्वर सिंह टेकाम स.शि.एल.बी., श्रीमती संगीता सिन्हा स.शि.एल.बी., रूपेश कुमार राजपूत स.शि.एल.बी. वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार श्रीमती बबीता बरिहा स.शि.एल.बी., सुश्री तरूण ठाकुर स.शि.एल.बी., विनोद मरकाम स.शि.एल.बी., लेखराम वनवासी स.शि.एल.बी. वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंद पिथौरा अंतर्गत श्रीमती ममता ठाकुर प्रभारी प्राचार्य, पुरुषोत्तम ठाकुर व्याख्याता, रेखराम साहनी सहा. शिक्षक, श्रीमती निर्मला चौधरी शिक्षक (एल.बी.), राजकपुर तिर्की सहा. शिक्षक वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार गौतम प्रसाद धुव प्रधान पाठक, श्रीमती भूमिका सिंह प्रधान पाठक, अमृतलाल भोई शिक्षक वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड बसना अंतर्गत कु. सुलोचना डड़सेना प्रधान पाठक, श्रीमती संगीता खुटे सहायक शिक्षक (एल.बी.), लक्ष्मी प्रसाद पोर्ते शिक्षक (एल.बी.), रूपधर निषाद विज्ञान सहायक, बालामणी नायक सहायक शिक्षक (एल.बी.), लोकनाथ खुंटे सहायक शिक्षक (एल.बी.) एवं सरायपाली अंतर्गत नोमित तिर्की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं।

# एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार पाटन पहुंची मरीजों से मिलने, तरीघाट में स्थिति नियंत्रण में, स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से जल्द स्वस्थ्य हो रहे है मरीज



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम तरीघाट में उल्टी दस्त से पीड़ित आज एक भी नए मरीज नहीं मिले। अभी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने लगातार इसकी मॉनिटरिंग किया । स्वास्थ्य विभाग मरीजों का इलाज कर रहे है। एक ओर जहां तरीघाट में मरीजों का घर घर जाकर इलाज कर रहा है वही कुछ मरीज पाटन के सरकारी अस्पताल में भी इलाज कार्य रहे है। आज प्रशासन की तरफ से मरीजों का हाल जानने तहसीलदार श्रीमती मीना साहू अस्पताल पहुंची। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी कठौतिया से पूरी स्थिति की जानकारी ली। अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज स्वस्थ हो रहे है। वही गांव में भी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। डॉक्टर कठौतिया ने सभी से अपील किया है कि गर्म भोजन करे, पानी भी गर्म करके पीए और दवाई भी समय समय खाए। तरीघाट का पानी का सैंपल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भेजा गया है। इसके अलावा स्टूल टेस्ट के लिए भी भेजा गया है। तहसीलदार मीना साहू ने बताया कि मरीज अब ठीक हो रहे है। अस्पताल प्रबंधन को लगातार निगरानी के निर्देश दिए है।

# पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ बसना ईकाई की कार्यकारिणी का विस्तार

- बैठक में नये पत्रकारों ने ली सदस्यता , जिला उपाध्यक्ष बने इब्राहिम कादरी

**बसना (समय दर्शन)।** महासमुन्द जिलाअंतर्गत पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ ब्लॉक ईकाई बसना की आवश्यक बैठक कृषि उपज मंडी समिति सभागार में प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए सेवक दास दीवान ने कहा कि पत्रकार कल्याण महासंघ एक सबके लिए सब एक लिये के सिध्दांत को लेकर काम कर रही है। पत्रकार साथियों के हित संवर्धन व सुरक्षा को लेकर हम पूरी तरह से संकल्पित हैं। पत्रकार साथियों व उनके परिवारों के हित को ध्यान में रखते हुए पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना का शुभारंभ हो चुका है। पत्रकार कल्याण महासंघ आम जनता की आवाज बनकर सामने आ रही है। पत्रकारिता के साथ साथ समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं।आर के दास प्रदेश सचिव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। पत्रकारों के हित में लगातार काम कर रहे हैं। आनेवाले समय में इसका सुखद परिणाम दिखेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महासचिव अभय धृतलहरे ने कहा कि हमने विभिन्न संगठनों में कार्य किया, लेकिन पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ की रीति नीति सिध्दांत पत्रकार साथियों के हित में स्पष्ट दिख रहा है। हमारे प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान जो वरिष्ठ पत्रकार हैं।पूरे प्रदेश में उनकी एक अलग छवि है। कलम के धनी कलमवीर के साथ काम करने का सौभाग्य एवं सानिध्य मिल रहा है। पत्रकार साथी दासरथी चौहान ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार कल्याण महासंघ आम जनता के हित में आईना बनकर काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमारी कलम लगातार चल रही है। अखबार, न्यूज चैनल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं को आईने की तरह दिखाने का कार्य हम कर रहे हैं। अरूण साहू ब्लॉक अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पत्रकारों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने भी अपने विचारों को प्रमुखता से रखा। उपस्थित सदस्यों की सहमति पर इब्राहिम कादरी जिला उपाध्यक्ष,बसंत साहू ब्लॉक सचिव, कुंज राम यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष, गोवर्धन नंदे ब्लॉक उपाध्यक्ष, फिरोज खान ब्लॉक संगठन सचिव,दीपक कुमार जगत मीडिया प्रभारी बनाये गये।

नये सदस्यों को पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ की सदस्यता दिलाई गई। इब्राहिम कादरी के नेतृत्व में नये पत्रकारों ने पत्रकार कल्याण महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर कुमार कौशिक, इब्राहिम कादरी, अशोक प्रधान,कुंजराम यादव, गोवर्धन नंदे, फिरोज खान,दीपक कुमार जगत,जीत कुमार यादव,तिलक राम बरिहा, प्रेमसिंह पोर्ते, बसंत साहू ,उमेश बरिहा ,हेमंत ताण्डी उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी की मनमानी, स्टेट हाइवे में अचानक बना दिए ब्रेकर, संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया, दुर्घटना के शिकार हो रहे वाहन चालक



**पाटन ( समय दर्शन )।** लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग से पाटन स्टेट हाइवे में गौड़पेंडरी स्कूल के पास दोनों तरफअचानक से ब्रेकर बना दिया है। ब्रेकर बनाने के बाद दोनों तरफकुछ दूर पहले संकेतक बोर्ड लगाया जाना था लेकिन संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके कारण स्पीड चल रहे दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक ब्रेकर सामने दिखने पर अचानक से ब्रेक लगाते है। इससे आए दिन दुर्घटना होने लगी है। ज्यादातर बाइक में पीछे बैठे सवारी अचानक ब्रेक लगने से गाड़ी से गिर जाते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले तीन दिन में एक दर्जन से अधिक वाहन चालक को परेशानी हुई है। ब्रेकर बनने से हालांकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को राहत मिल रही है। लोक निर्माण विभाग ने जितनी तत्परता इस ब्रेकर को बनाने में दिखाई है उतनी तत्परता संकेतक बोर्ड भी लगाने के लिए दिखाना चाहिए। जिससे कि वाहन चालक को जानकारी हो सके कि आगे ब्रेकर है।

# विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने किया सम्मान, कहा-हर प्रतिभा को मिलनी चाहिए पहचान और दिशा

- जब संवेदनशीलता मंच पर हो, तो सपनों को पंख लगते हैं, 'पंख पुरस्कार 2025' में डॉ संपत अग्रवाल की भावुक झलक
- 'पंख पुरस्कार 2025': भविष्य के सितारों को मिला सम्मान, विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा-इन बच्चों की उड़ान ही हमारा गौरव है

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभा की उपलब्धियों को आज सम्मानित किया गया। सामाजिक समावेश और प्रतिभा को पहचान देने की दिशा में 'पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025' ने एक नई उड़ान भरी है। साया जी होटल, रायपुर में आयोजित इस भव्य समारोह में न केवल प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, बल्कि यह अवसर संवेदनशील नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों की सामाजिक प्रतिबद्धता का भी साक्षी बना।

मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ रमन सिंह ने की। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद थे। विशेष अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का उद्देश्य था राज्य के 33 जिलों से चयनित 33 उन बच्चों को प्रोत्साहित करना, जिन्होंने किसी न किसी खेल में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, किंतु संसाधनों की कमी के कारण उनके सपनों को समर्थन की आवश्यकता है। प्रत्येक बच्चे को ?50,000 की प्रोत्साहन राशि और सम्मान स्वरूप पदक प्रदान किया गया।

महासमुंद जिले की होनहार बालिका तारिणी साहू जो नेटबॉल खेलती है को मंच पर जब विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र और मेडल के साथ ?50,000 का चेक सौंपा, तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

इस भावुक क्षण को साझा करते हुए विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा, उस मासूम बच्ची के चेहरे पर जो उजाला देखा, उसने मुझे भीतर तक छू लिया। सिर्फ एक चेक देना नहीं था, बल्कि उसके सपनों को पंख देना था। मैं चाहता हूँ कि ये बच्चे अपने खेल कौशल से न केवल प्रदेश का बल्कि देश का नाम भी रोशन करें। हमारी भूमिका सिर्फ प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हम सामाजिक प्रेरणा के वाहक भी बनें।

विधायक डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, जीवन निर्माण का माध्यम है। उन्होंने ऐसे आयोजनों की नियमितता पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों से निकलने वाले खिलाड़ियों को निरंतर समर्थन देने की आवश्यकता है।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा जब जनप्रतिनिधि संवेदनशील हो जाते हैं, तो हर बच्चा उड़ान भरने को तैयार हो जाता है।

आपको बता दें कि महासमुंद जिले की रहने वाली तारिणी साहू जिसकी उम्र 13 साल है ।उसके पिता नहीं है, वही उसकी मां काम करती है। तारिणी साहू नेटबॉल में दो बार नेशनल खेल चुकी है और 4 बार स्टेट से मेडल मिला है ।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2025-27